सत्यमेव जयते

इंजीनियरी उत्कृष्टता के 150 से अधिक वर्ष

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कार्यों के लिये संविदा की सामान्य शर्तें

CPWD
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
राष्ट्र निर्माण में समर्पित

GENERAL CONDITIONS OF CONTRACT FOR CENTRAL P.W.D. WORKS

2007

Incorporating Amendments upto Circular bearing No. DGW/CON/231 dt. 05.04.2007

More than 150 Years of Engineering Excellence

प्रतिशत दर / मद दर निविदा एवं संविदा

Percentage Rate / Item Rate Tender & Contract

विषय सूची

Index

क्रम सं॰ Sl No.	विवरण Details	पृष्ठ Page
1.	मानक फार्म के प्रयोग के लिये दिशानिर्देश Guidelines for use of the Standard Form	2
2.	निविदा आमंत्रण सूचना (के.लो.नि.वि.–6 फार्म) N.I.T. (Form C.P.W.D. - 6)	3
3.	निविदा फार्म के.लो.नि.वि.– 7/8 Tender Form CPWD - 7/8	6
	i) साधारण नियम एवं निर्देश General Rules and Directions	8
	ii) संविदा की शर्तें Conditions of Contract.	12
	iii) संविदा के खंड Clauses of Contract.	15
	iv) के.लो.नि.वि. सुरक्षा संहिता C.P.W.D. Safety Code.	59
	v) आदर्श नियम Model Rules	64
	vi) के.लो.नि.वि. ठेका श्रमिक विनियम C.P.W.D., Contractor's Labour Regulations	70
	vii) रजिस्टरों के प्ररूप Proforma of Registers	76
	viii) सीमेंट गोदाम का रेखाचित्र Sketch of Cement Godown	91
	ix) निष्पादन प्रतिभूति गारंटी का फार्म – बैंक गारंटी का बंधपत्र Form of Performance Security – Bank Guarantee Bond	92
4.	क से च तक अनुसूचियों के प्ररूप Proforma of Schedules A to F	94

GENERAL GUIDELINES

1. This book of "General Conditions of Contract" is applicable to both types of tenders i.e." Percentage rate tenders and Item rate tenders". Accordingly alternative provisions for conditions Nos. 4, 10 & 12 of the General Rules and Directions are given in this book. The appropriate alternatives will be applicable in specific cases depending on whether this is used for percentage rate tender (CPWD-7) or item rate tender (CPWD-8).

2. CPWD-6, Schedules A to F, special conditions/specifications and drawings only will be issued to intending bidders. The standard form will not be issued along with the Tender Documents but the same shall form part of the agreement to be drawn and signed by both parties after acceptance of tender

3. All blanks are confined to Notice Inviting Tender (CPWD-6) and Schedules A to F.

4. Authority approving the Notice Inviting Tenders (NIT) shall fill up all the blanks in CPWD-6 and in Schedules B to F before issue of Tender Papers.

5. The intending bidders will quote their rates in Schedule A.

6. The proforma for registers and Schedules A to F are only for information and guidance. These are not to be filled in the Standard Form. The Schedules with all blanks, duly filled, shall be separately issued to all intending tenderers.

सामान्य दिशानिर्देश

1. "ठेके की सामान्य शर्तें", नामक यह पुस्तिका दोनों प्रकार की निविदाओं अर्थात "प्रतिशतता दर निविदाओं" और "मद दर निविदाओं", के लिए लागू है। तदनुसार सामान्य नियमों और निर्देशों की शर्त संख्याओं 4, 10 और 12 के वैकल्पिक प्रावधान इस पुस्तक में दिए गए हैं। विशिष्ट मामलों में उचित विकल्प लागू होंगे जो इस बात पर निर्भर करेंगे कि यह प्रतिशतता दर निविदा (के. लो. नि. वि.–7) या मद दर निविदा (के. लो. नि. वि.–8) के लिए इस्तेमाल किया गया है।

2. के. लो. नि. वि.–6, अनुसूचियां 'क' से 'च' तक, विशेष शर्तें/विनिर्देश और आरेख ही इच्छुक निविदाकारों को दिए जाएंगे। निविदा कागजों के साथ मानक फार्म नहीं दिया जाएगा किन्तु वह निविदा की स्वीकृति के पश्चात बनाए जाने वाले और दोनों पक्षकारों के हस्ताक्षर होने वाले करारनामें का भाग बनेगा।

3. सभी रिक्त स्थान निविदा आमंत्रण सूचना (के. लो. नि. वि. – 6) और 'क' से 'च' तक की अनुसूचियों तक सीमित हैं।

4. निविदा कागज जारी करने से पहले निविदा आमंत्रण सूचना (नि. आ. सू.) का अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी के. लो. नि. वि. –6 तथा 'ख' से 'च' तक की अनुसूचियों में खाली स्थान भरेगा।

5. इच्छुक निविदाकार अपनी दरें अनुसूची 'क' में बताएंगे।

6. रजिस्टरों और अनुसूचियों 'क' से 'च' तक के प्रारूप केवल सूचना और मार्गदर्शन के लिए हैं। इन्हें मानक फार्म में नहीं भरना है। सभी इच्छुक निविदाकारों को सभी खाली स्थान भरे जाकर अनुसूचियां अलग से जारी की जाएंगी।

C.P.W.D - 6

GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL PUBLIC WORKS DEPARTMENT
NOTICE INVITING TENDER

1. Item rate/percentage rate tenders are invited on behalf of the President of India from approved and eligible contractors of C.P.W.D. and those of appropriate list of Department of Telecommunications, M.E.S., Railways and _____ State P.W.D., for the work of _____

_____

_____

The enlistment of the contractors should be valid on the last date of sale of tenders.

In case only the last date of sale of tender is extended, the enlistment of contractor should be valid on the original date of sale of tenders.

In case both the last date of receipt of application and sale of tenders are extended, the enlistment of contractor should be valid on either of the two dates i.e. original date of sale of tender or on the extended date of sale of tenders.

1.1 The work is estimated to cost Rs. _____
This estimate, however, is given merely as a rough guide.

1.1.1 The authority competent to approve NIT for the combined cost and belonging to the major discipline will consolidate NITs for calling the tenders. He will also nominate Division which will deal with all matters relating to the invitation of tenders.

For composite tender, besides indicating the combined estimated cost put to tender, should clearly indicate the estimated cost of each component separately. The eligibility of tenderer will correspond to the combined estimated cost of different components put to tender.

1.2 Tenders will be issued to eligible C.P.W.D. as well as non C.P.W.D. contractors provided they produce definite proof from the appropriate authority, which shall be to the satisfaction of the competent authority, of having satisfactorily completed similar works of magnitude specified below:-

Criteria of eligibility for issue of tender documents

1.3 Conditions for NON CPWD Contractors only.

1.3.1 For works estimated to cost above Rs. 25 Lacs but upto Rs. 2 Crores	Three similar works each costing not less than Rs. _____ Lacs during the last 5 years.
1.3.2 For works estimated to cost above Rs. 2 Crores but upto Rs. 10 Crores.	Three similar works each of value 40% of estimated cost or two works of 50% cost or one work of 80% estimated cost (rounded off to nearest Rs. 10 Lacs) in the last 7 years ending last day of the month previous to the one in which the tenders are invited.

Note:- Class-II contractors of CPWD shall also be eligible if they satisfy the criteria specified in 1.3.2 above.

1.4 Conditions for CPWD as well as Non CPWD Contractors.

1.4.1 For works estimated to cost above Rs. 10 Crores	Two similar works each of value 60% of the estimated cost or one similar work costing not less than the estimated cost (rounded off to nearest Rs. 10 Lacs) in the last 7 years ending last day of the month previous to the one in which the tenders are invited.

For the purpose of this clause 'similar work' means the works of _____

2. Agreement shall be drawn with the successful tenderer on prescribed Form No. CPWD-7/8 which is available as a Govt. of India Publication. Tenderer shall quote his rates as per various terms and conditions of the said form which will form part of the agreement.

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
निविदा आमंत्रण सूचना

के. लो. नि. वि.– 6

1 भारत के राष्ट्रपति की ओर से .....
.....
.....
..... कार्य
के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों तथा उन ठेकेदारों से जो दूर संचार विभाग, एम. ई. एस, रेलवेज तथा .....राज्य लोक निर्माण विभाग की समुचित सूची में हैं, प्रतिशत दर / मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

ठेकेदारों का पंजीकरण निविदाओं की बिक्री की अंतिम तिथि को वैद्य होना चाहिए।

यदि केवल निविदाओं की बिक्री की अंतिम तिथि बढ़ायी जाती है, तो ठेकेदार का पंजीकरण निविदाओं की बिक्री की मूल तिथि को वैद्य होना चाहिए। यदि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं निविदाओं की बिक्री की तिथि, दोनों बढ़ायी जाती हैं, तो ठेकेदार का पंजीकरण दोनों तिथियों में से कोई यानी निविदाओं की बिक्री की मूल तिथि या निविदाओं की बिक्री की बढ़ायी गई तिथि, को वैद्य होना चाहिए।

1.1 कार्य की अनुमानित लागत रु. ..... है। तथापि, यह अनुमानित लागत मोटे तौर पर एक मार्ग निर्देश मात्र है।

1.1.1 मिश्रित लागत वाली निविदा आमंत्रण सूचना को अनुमोदित करने वाला तथा मुख्य डिसिप्लेन का सक्षम प्राधिकारी, निविदाएं मंगवाने के लिए निविदा आमंत्रण सूचना का समेकन करेगा और वह उस मंडल को भी नामित करेगा जो निविदाएं आमंत्रित करने से संबंधित सभी मामलों को डील करेगा।

मिश्रित निविदा के मिश्रित अनुमान की लागत को दर्शाने के साथ–साथ प्रत्येक घटक की अलग अलग अनुमानित लागत का उल्लेख भी किया जाए। निविदादाता की पात्रता, विभिन्न घटकों की लागत को मिलाकर मिश्रित अनुमानित लागत के अनुरूप होगी।

1.2 निविदाएं केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के पात्र ठेकेदारों के साथ–साथ गैर–केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों को भी जारी की जाएंगी, बशर्ते, वे समुचित प्राधिकारी से नीचे विनिर्दिष्ट परिमाण वाले समरूप कार्यों को संतोषजनक ढंग से पूरा किए जाने संबंधी निश्चित प्रमाण प्रस्तुत करें जो सक्षम प्राधिकारी की संतुष्टी के अनुसार हों :–

निविदा कागजात जारी करने हेतु पात्रता का मापदण्ड:

1.3 केवल गैर–केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के लिए शर्तें –

1.3.1 25 लाख रूपये से अधिक किन्तु दो करोड़ रूपये तक की अनुमानित लागत वाले कार्यों के लिए। पिछले 5 वर्षों के दौरान कम से कम रुपये ..... लाख प्रत्येक की लागत वाले तीन समरूप कार्य। निविदाएं आमंत्रित किए जाने के माह के पूर्ववर्ती माह के अन्तिम दिन को समाप्त हुए विगत 7 वर्षो के दौरान अनुमानित लागत के 40 प्रतिशत मूल्य के तीन अलग अलग समरूप कार्य अथवा 50 प्रतिशत लागत के दो कार्य अथवा 80 प्रतिशत अनुमानित लागत वाला एक कार्य (निकटतम 10 लाख रूपये तक पूर्णांक बनाया जाए)

1.3.2 2 करोड़ रूपये से अधिक किन्तु 10 करोड़ रूपये तक की अनुमानित लागत वाले कार्यों के लिए।

टिप्पणी : के. लो. नि. वि. के श्रेणी -II के वे ठेकेदार भी पात्र होंगे जो ऊपर 1.3.2 में विनिर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करते हैं।

1.4 केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ–साथ गैर–केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के लिए शर्तें :–

1.4.1 10 करोड़ रूपये से अधिक की अनुमानित लागत वाले कार्यों के लिए। निविदाएं आमंत्रित किए जाने के माह के पूर्ववर्ती माह के अन्तिम दिन को समाप्त हुए विगत 7 वर्षो के दौरान अनुमानित लागत के 60 प्रतिशत मूल्य के दो अलग अलग समरूप कार्य अथवा एक समरूप कार्य जिसकी लागत अनुमानित लागत से कम न हो (निकटतम 10 लाख रूपये तक पूर्णांक बनाया जाए)

इस खण्ड के उद्देश्य के लिए 'समरूप कार्य' का अर्थ है ..... के कार्य।

2. सफल निविदाकारों के साथ, निर्धारित प्रपत्र सं के.लो.नि.वि. 7/8 पर, जो कि भारत सरकार के प्रकाशन के रूप में उपलब्ध है, करार किया जाएगा, निविदाकार उक्त प्रपत्र के विभिन्न निबंधन एवं शर्तों के अनुसार अपनी दरें बताएगा।

3. The time allowed for carrying out the work will be _____1* from the 2*_____ day after the date of Issue of 'letter of acceptance of tender' or from the first date of handing over of the site, whichever is later, in accordance with the phasing, if any, indicated in the tender documents.

4. The site for the work is available. OR
The site for the work shall be made available in parts as specified below:-
_____

5. Receipt of applications for issue of forms will be stopped by 1600 Hrs. four days before the date fixed for opening of tenders. Issue of tender forms will be stopped three days before the date fixed for opening of tenders.
Tender documents consisting of plans, specifications, the schedule of quantities of the various classes of work to be done and the set of terms & conditions of contract to be complied with by the contractor whose tender may be accepted and other necessary documents can be seen in the office of the _____ between hours of 11.00 A.M. & 04.00 P.M. from _____ to _____ everyday except on Sundays and Public Holidays. Tender documents, excluding standard form, will be issued from his office, during the hours specified above, on payment of the following:-
i) Rs._____in cash as cost of tender and
ii) Earnest Money of Rs._____ in cash (upto Rs. 10,000/-) /Receipt, Treasury Challan/Deposit at Call receipt of a scheduled bank/fixed deposit receipt of a scheduled bank/demand draft of a scheduled bank issued in favour of _____. 50% of earnest money or Rs. 20 lakh, whichever is less, will have to be deposited in the shape prescribed above and balance amount of earnest money can be accepted in the form of Bank Guarantee issued by a scheduled bank.

6. Tenders, which should always be placed in sealed envelope, with the name of work and due date written on the envelopes, will be received by the _____ upto 03.00 P.M. on _____ and will be opened by him or his authorised representative in his office on the same day at 03.30 P.M.

7. The contractor shall be required to deposit an amount equal to 5% of the tendered value of the work as performance guarantee in the form of an irrevocable bank guarantee bond of any scheduled bank or State Bank of India in accordance with the form prescribed or in cash or in the form of Govt. security, fixed deposit receipt etc., as in the case of recovery of security deposit within prescribed number of days of the issue of letter of acceptance. This period can be further extended by the Engineer-in-Charge up to a maximum period of prescribed number of days on written request of the contractor.

8. The description of the work is as follows:-
_____
Copies of other drawings and documents pertaining to the works will be open for inspection by the tenderers at the office of the above mentioned officer.
Tenderers are advised to inspect and examine the site and its surroundings and satisfy themselves before submitting their tenders as to the nature of the ground and sub-soil (so far as is practicable), the form and nature of the site, the means of access to the site, the accommodation they may require and in general shall themselves obtain all necessary information as to risks, contingencies and other circumstances which may influence or affect their tender. A tenderer shall be deemed to have full knowledge of the site whether he inspects it or not and no extra charges consequent on any misunderstanding or otherwise shall be allowed. The tenderer shall be responsible for arranging and maintaining at his own cost all materials, tools & plants, water, electricity access, facilities for workers and all other services required for executing the work unless otherwise specifically provided for in the contract documents. Submission of a tender by a tenderer implies that he has read this notice and all other contract documents and has made himself aware of the scope and specifications of the work to be done and of conditions and rates at which stores, tools and plant, etc. will be issued to him by the Government and local conditions and other factors having a bearing on the execution of the work.

9. The competent authority on behalf of the President of India does not bind itself to accept the lowest or any other tender and reserves to itself the authority to reject any or all the tenders received without the assignment of any reason. All tenders in which any of the prescribed condition is not fulfilled or any condition including that of conditional rebate is put forth by the tenderer shall be summarily rejected.
The competent authority also reserves its right to allow to the Central Government public sector enterprises, joint venture with CPSE holding 51% equity or more, a purchase preference with reference to the lowest

**1 Contract period (to be filled in by NIT approving authority) *2 Period allowed for reckoning date of start i.e. 7 to 22 days. (to be filled in by E.E.)*

3. निर्माण कार्य पूरा करने के लिए अनुमत्य समय .1*..... निविदा स्वीकृति पत्र के जारी होने की तिथि के बाद .2*.....वें दिन से अथवा निविदा कागजात में सूचित चरणों, यदि कोई हों, के अनुसार, कार्यस्थल सौंपे जाने के प्रथम दिन से, जो भी बाद में हो, होगा।

4. कार्य हेतु कार्य स्थल उपलब्ध है।

अथवा

कार्य हेतु कार्यस्थल नीचे लिखे अनुसार भागों में उपलब्ध करा दिया जाएगा :–

.....

5. प्रपत्र जारी करने हेतु आवेदन, निविदाएं खोले जाने की निर्धारित तिथि के चार दिन पूर्व सायं 4 बजे के बाद से नहीं स्वीकार किए जाएंगे। निविदा–प्रपत्रों का निर्गम, निविदा खोले जाने की निर्धारित तिथि के तीन दिन पूर्व बन्द कर दिया जाएगा।

रेखांक, विनिर्देश, कार्य के विभिन्न वर्गों के लिए मात्राओं की अनुसूची के सहित निविदा कागजात एवं ठेके की शर्तों का सैट जिनका उस ठेकेदार द्वारा अनुपालन किया जाना है, जिसकी निविदा स्वीकृत हो जाए तथा अन्य आवश्यक कागजात रविवार एवं सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर, प्रति दिन ..... से ..... तक 11 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न के बीच .....

.....के कार्यालय में देखे जा सकते हैं। मानक प्रपत्र को छोड़कर, निविदा कागजात उक्त कार्यालय से ऊपर निर्दिष्ट समय के दौरान निम्नलिखित का भुगतान कर प्राप्त किए जा सकेंगे।

i) निविदा की लागत के तौर पर रू ..... की नकद राशी और

ii) नकद (10,000/– रू तक) /ट्रेजरी चालान रसीद/किसी अनुसूचित बैंक की मांग जमा रसीद/किसी अनुसूचित बैंक की सावधि जमा रसीद/किसी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट के रूप में .....के पक्ष में देय ..... रू की बयाना राशि। बयाना राशी का 50 प्रतिशत या 20 लाख रू, जो भी कम हो, ऊपर निर्धारित रूप में होगा तथा बयाना राशि की शेष रकम अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार की जा सकती है।

6. निविदाएं, जो हमेशा मुहरबंद लिफाफे में रखी जानी चाहिए तथा उन लिफाफों पर कार्य का नाम लिखा जाना चाहिए, ... द्वारा तारीख ..... को 3.00 बजे सायं तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन 3.30 बजे सायं उनके द्वारा या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अपने कार्यालय में खोली जाएंगी।

7. ठेकेदार, स्वीकृति पत्र जारी होने के पश्चात निर्धारित दिनों के भीतर निविदित राशि के 5 (पांच) प्रतिशत के बराबर अप्रति संहरणीय निष्पादन गारंटी बंधपत्र प्रस्तुत करेगा जो निर्धारित फॉर्म के अनुसार किसी भी अनुसूचित बैंक या भारतीय स्टेट बैंक के रूप में या रोकड़ में या सरकारी प्रतिभूति, सावधिक जमा रसीद के रूप में होगी। इस अवधि को भारसाधक अभियंता द्वारा ठेकेदार के लिखित अनुरोध पर अधिकतम निर्धारित दिनों की अवधि तक आगे बढ़ाया जा सकता है।

8. कार्य का ब्यौरा इस प्रकार है :–

.....

.....

निविदाकारों द्वारा जाँच के लिए कार्यों से संबंधित अन्य नक्शों तथा कागजातों की प्रतियां उपर्युक्त अधिकारी के कार्यालय में खोली जाएंगी। निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा प्रस्तुत करने के पहले कार्यस्थल एवं उसके आस पास की जगह, जमीन की प्रकृति एवं अनमृदा (जहां तक व्यवहार्य हो), कार्य स्थल का रूप एवं प्रकृति, कार्य स्थल तक पहुँचने के साधन, स्थान जो उन्हें चाहिए उसका निरीक्षण व जाँच करलें तथा जोखिम, आकस्मिकता एवं अन्य परिस्थितियों से, जो निविदा को प्रभावित कर सकती हैं, संबंधित आवश्यक जानकारी स्वयं प्राप्त कर, सन्तुष्ट हो लें।

यह माना जायेगा कि निविदाकार को कार्यस्थल के बारे में पूरी जानकारी है, चाहे उसने इसका निरीक्षण किया हो या नहीं, तथा बाद में किसी भ्राँति या अन्य बातों के लिए कोई अतिरिक्त प्रभार अनुमत्य नहीं होगा। कार्य निष्पादन हेतु सभी प्रकार की सामग्री, औजार एवं संयंत्र, जल, बिजली लाने के साधन, कामगारों के लिए सुविधाएं तथा अन्य अपेक्षित सेवाओं का प्रबन्ध करने तथा उनके रख रखाव का उत्तरदायित्व स्वयं निविदाकार का होगा, जब तक अन्यथा विशेष रूप से करार में इसका उल्लेख न किया गया हो। निविदाकार द्वारा निविदा प्रस्तुत करना यह सूचित करता है कि उसने इस सूचना एवं अन्य सभी करार–दस्तावेजों को पढ़ लिया है तथा उसे किए जाने वाले कार्य का अभिप्राय एवं विनिर्देशों, शर्तों व दरें जिन पर सरकार द्वारा उन्हें सामान, औजार एवं संयंत्र आदि दिए जाएंगे तथा स्थानीय स्थितियां और अन्य कारक जो कार्य में निष्पादन पर प्रभाव डालें, के बारे में पूरी जानकारी है।

9. सक्षम प्राधिकारी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से न्यूनतम या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए अपने आप को आबद्ध नहीं करते हैं और प्राप्त हुई किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं। ऐसी सभी निविदाओं को जिनमें विहित शर्तें पूरी नहीं की गई हों अथवा निविदाकार द्वारा सशर्त छूट दिए जाने सहित किसी शर्त को रखा गया हो, अस्वीकार कर दिया जाएगा।

1* ठेके की अवधि (निविदा आमंत्रण सूचना की स्वीकृति देने वाले अधिकारी द्वारा भरा जाय)।

2* कार्य प्रारम्भ करने का मान्य समय अर्थात 7 से 22 दिन (कार्यपालक इंजीनियर द्वारा भरा जाय)।

valid price bid, where the quoted price is within 10% of such lowest price in a tender, other things being equal, in case of tenders/quotations whose date of receipt is upto 31-3-2005, subject to the estimated cost being of Rs. Five crores and above.

The Public Enterprises who avail benefit of the purchase preference should be subjected to adequate penalties for cost overruns etc.

10. Canvassing whether directly or indirectly, in connection with tenders is strictly prohibited and the tenders submitted by the contractors who resort to canvassing will be liable to rejection.

11. The competent authority on behalf of President of India reserves to himself the right of accepting the whole or any part of the tender and the tenderer shall be bound to perform the same at the rate quoted.

12. The contractor shall not be permitted to tender for works in the CPWD Circle (responsible for award and execution of contracts) in which his near relative is posted as Divisional Accountant or as an officer in any capacity between the grades of Superintending Engineer and Junior Engineer (both inclusive). He shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any gazetted officer in the Central Public Works Department or in the Ministry of Urban Development. Any breach of this condition by the contractor would render him liable to be removed from the approved list of contractors of this Department.

13. No Engineer of gazetted rank or other Gazetted officer employed in Engineering or Administrative duties in an Engineering Department of the Government of India is allowed to work as a contractor for a period of two years after his retirement from Government service, without the previous permission of the Government of India in writing. This contract is liable to be cancelled if either the contractor or any of his employees is found any time to be such a person who had not obtained the permission of the Government of India as aforesaid before submission of the tender or engagement in the contractor's service.

14. The tender for the works shall remain open for acceptance for a period of sixty days from the date of opening of tenders. If any tenderer withdraws his tender before the said period or issue of letter of acceptance, which-ever is earlier, or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable to the department, then the Government shall, without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit 50% of the said earnest money as aforesaid. Further the tenderer shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

15. This Notice Inviting Tender shall form a part of the contract document. The successful tenderer/contractor, on acceptance of his tender by the Accepting Authority, shall, within 15 days from the stipulated date of start of the work, sign the contract consisting of:-

a) The notice inviting tender, all the documents including additional conditions, specifications and drawings, if any, forming the tender as issued at the time of invitation of tender and acceptance thereof together with any correspondence leading thereto.

b) Standard C.P.W.D. Form 7/8

16. For Composite Tenders

16.1.1 The tenderer must associate with himself agencies of the appropriate class eligible to tender for the other components individually.

16.1.2 It will be obligatory on the part of the tenderer to sign the tender document for all the components. (The schedule of quantities, conditions and special conditions etc.)

16.1.3 After the work is awarded, the contractor will have to enter into separate agreements for each component with the Officer concerned.

16.1.4 Executive Engineer in charge of minor component shall make interim payments in respect of minor component of work. Executive Engineer in charge of the major component shall make the payment against final bill of the composite contract.

16.2 The Executive Engineer Incharge of the major component will call tenders for the composite work. The cost of tender document and Earnest Money will be fixed with respect to the combined estimated cost put to tender for the composite tender. Security Deposit will be worked out separately for each component corresponding to the estimated cost of the respective component of works. The Earnest Money will become part of the security deposit of the major component of work.

16.3 On acceptance of the composite tender by the competent authority the letter of award will be issued by the Executive Engineer Incharge of the major component on behalf of the President of India, making it clear in the letter of award that the contractor will have to execute separate agreements for different components of work with the concerned officers of the respective discipline (Designation to be given).

Signature of Divisional Officer/ Sub-Divisional Officer

.....

For & on behalf of President of India

सक्षम प्राधिकारी के पास यह अधिकार भी सुरक्षित है कि वह ऐसे केन्द्रीय सरकारी उद्यमों, केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के संयुक्त उद्यमों जिनकी इक्विटी में सरकारी उद्यम की भागीदारी 51 प्रतिशत या उससे अधिक हो, को उद्धृत मूल्य, न्यूनतम मूल्य के 10 प्रतिशत के अन्तर्गत होने पर और अन्य बातें समान होने पर 31–3–2005 तक प्राप्त होने वाली निविदाओं/निरखों में न्यूनतम वैद्य बोली पर क्रय में अधिमानता दे सकता है बशर्ते कि उनकी अनुमानित लागत 5 करोड़ रूपये या उससे अधिक हो।

जो सरकारी उद्यम क्रय अधिमानता का फायदा उठा रहे हैं, वे लागत में बढ़ोतरी आदि होने पर पर्याप्त जुर्माना राशि के लिए उत्तरदायी होंगे।

10. निविदाओं के मामले में किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रेरण का पूर्णतया निषेध है तथा उन ठेकेदारों की निविदाएं, जो प्रेरण का सहारा लेंगे, अस्वीकार कर दी जाएंगी।

11. सक्षम प्राधिकारी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से पूरी निविदा या उसके किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं तथा निविदाकार, कथित दर पर निष्पादन के लिए बाध्य होगा।

12. ठेकेदार को के. लो. नि. वि. परिमंडल में, (जो ठेके देने और उसके निष्पादन के लिए उत्तरदायी है) जिसमें उसका नजदीकी रिश्तेदार मंडल लेखाकर या अधीक्षण इंजीनियर एवं कनिष्ठ इंजीनियर (दोनों को मिलाकर) की श्रेणियों के बीच किसी भी हैसियत के अधिकारी के रूप में तैनात हो, कार्यों के दिए निविदा देने की आज्ञा नहीं होगी। वह उन व्यक्तियों के नामों की भी सूची देगा जो किसी भी हैसियत में उसके साथ कार्य कर रहे हों या जिन्हें उसके द्वारा बाद में भर्ती किया गया हो तथा जो केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग या शहरी विकास मंत्रालय में कार्यरत किसी राजपत्रित अधिकारी के नजदीकी रिश्तेदार हों। यदि ठेकेदार इस शर्त को भंग करेगा तो उसका नाम इस विभाग की ठेकेदारों की अनुमोदित सूची से हटा दिया जाएगा।

13. भारत सरकार के किसी इंजीनियरी विभाग में इंजीनियरी या प्रशासनिक कार्यों में लगे हुए राजपत्रित रैंक के किसी इंजीनियर को या किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी को सरकारी नौकरी से सेवा मुक्त होने पर दो साल तक, भारत सरकार की पूर्व लिखित अनुमति बिना ठेकेदार की हैसियत से काम करने की अनुमति नहीं है। यदि किसी समय यह पाया गया कि ठेकेदार या उसका कोई कर्मचारी, ऐसा व्यक्ति है जिसने निविदा प्रस्तुत करने से पहले या ठेकेदार की सेवा में लगने के पहले भारत सरकार से अनुमति नहीं ली थी, तो यह ठेका रद्द किया जा सकता है।

14. कार्यों के लिए निविदा, निविदाओं के खुलने की तारीख से 60 दिन तक स्वीकृति हेतु खुली रहेगी। यदि कोई निविदाकार उक्त अवधि के पहले या स्वीकृति पत्र जारी होने के पहले, जो भी पहले हो, से पहले अपनी निविदा वापिस ले लेता है या निविदा की शर्तों ओर निबंधनों में कोई संशोधन करता है, जो विभाग को स्वीकार्य नहीं है, तो सरकार किसी अन्य अधिकार या उपचारी उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार उक्त धरोहर राशि का 50 प्रतिशत जब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी। इसके अतिरिक्त, निविदाकार को पुनः निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमती नहीं दी जाएगी।

15. यह निविदा आमंत्रण सूचना, करार दस्तावेज का एक हिस्सा होगी। सफल निविदाकार/ठेकेदार, स्वीकारकर्ता प्राधिकारी द्वारा निविदा स्वीकार किए जाने के बाद कार्य प्रारंभ किए जाने की निर्धारित तिथि से 15 दिनों के भीतर निम्नलिखित को शामिल करते हुए संविदा पर हस्ताक्षर करेगा:–

क) निविदा आमंत्रण सूचना, अतिरिक्त शर्तों सहित सभी कागजात, विनिर्देश एवं नक्शे, यदि कोई हों, जो निविदा आमंत्रण के समय निविदा के रूप में जारी किए गए हों तथा इस बारे में किए गए किसी पत्राचार सहित इसकी स्वीकृति।

ख) मानक के. लो. नि. वि. प्रपत्र संख्या 7/8

16. मिश्रित संविदाओं के लिए

16.1.1 निविदाकार को स्वयं समुचित श्रेणी के ऐसे अभिकरण से जुड़ा होना चाहिए जो अन्य घटकों के लिए अलग–अलग निविदा देने की पात्रता रखते हों।

16.1.2 निविदाकार के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह सभी घटकों के निविदा दस्तावेजों (मात्रा अनुसूची, शर्तें तथा विशेष शर्तें आदि) पर हस्ताक्षर करे।

16.1.3 कार्य प्रदान करने के पश्चात् ठेकेदार को संबंधित अधिकारी के साथ प्रत्येक घटक के संबंध में अलग–अलग करार करने होंगे।

16.1.4 गौण घटकों के भारसाधक कार्यपालक अभियंता गौण घटक के निर्माण कार्यों के लिए अंतरिम भुगतान करेंगे। मुख्य घटकों के भारसाधक कार्यपालक अभियंता संयुक्त संविदा के अंतिम बिल का भुगतान करेंगे।

16.2 मुख्य घटक का प्रभारी कार्यपालक इंजीनियर मिश्रित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित करेंगे। निविदा दस्तावेज की लागत तथा बयाना राशी का निर्धारण मिश्रित निविदा की मिश्रित अनुमानित लागत के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक घटक के लिए प्रतिभूति निक्षेप की गणना कार्य के संबंधित घटक की अनुमानित लागत के अनुरूप अलग–अलग की जाएगी। बयाना राशी, कार्य के मुख्य घटक के प्रतिभूति निक्षेप का हिस्सा बन जाएगी।

16.3 सक्षम प्राधिकारी द्वारा मिश्रित निविदा को स्वीकारे जाने के पश्चात् बड़े घटक वाला प्रभारी कार्यपालक इंजीनियर भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य प्रदान करने संबंधी पत्र जारी करेगा। कार्य प्रदान करने संबंधी पत्र में इस बात का साफ–साफ उल्लेख किया जाएगा कि ठेकेदार को कार्य के विभिन्न घटकों के संबंध में, संबंधित डिसिप्लिन से जुड़े अधिकारियों (पदनाम का उल्लेख करते हुए) के साथ अलग–अलग करार निष्पादित करने होंगे।

हस्ताक्षर मंडल अधिकारी/ उप मंडल अधिकारी

.....

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी और से

C.P.W.D - 7 / 8

GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL PUBLIC WORKS DEPARTMENT

STATE CIRCLE

BRANCH DIVISION

ZONE SUB-DIVISION

Percentage Rate Tender / Item Rate Tender & Contract for Works

(A) Tender for the work of:-

_____

_____

(i) To be submitted by _____ hours on _____ to
(time) (date)

_____

(ii) To be opened in presence of tenderers who may be present at _____ hours on _____ in the office of _____.

Issued to: _____
(contractor)

Signature of officer issuing the documents _____

Designation _____

Date of Issue: _____.

TENDER

I/We have read and examined the notice inviting tender, schedule, A, B, C, D, E & F. Specifications applicable, Drawings & Designs, General Rules and Directions, Conditions of Contract, clauses of contract, Special conditions, Schedule of Rate & other documents and Rules referred to in the conditions of contract and all other contents in the tender document for the work.

I/We hereby tender for the execution of the work specified for the President of India within the time specified in Schedule 'F' , viz., schedule of quantities and in accordance in all respects with the specifications, designs, drawings and instructions in writing referred to in Rule-1 of General Rules and Directions and in Clause 11 of the Conditions of contract and with such materials as are provided for, by, and in respects in accordance with, such conditions so far as applicable.

We agree to keep the tender open for sixty (60) days from the due date of submission thereof and not to make any modifications in its terms and conditions.

A sum of Rs..... has been deposited in cash/receipt treasury challan/ deposit at call receipt of a scheduled bank/fixed deposit receipt of scheduled bank/demand draft of a scheduled bank,/bank guarantee issued by a scheduled bank as earnest money. If I/we, fail to furnish the prescribed performance guarantee within prescribed period, I/we

के. लो. नि. वि.– 7 / 8

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

राज्य ..... परिमंडल .....

शाखा ..... मंडल .....

अंचल ..... उप–मंडल .....

कार्यों के लिए प्रतिशत दर / मद दर निविदा एवं संविदा

अ) .....

..... कार्य के लिए निविदा:

क) दिनांक ..... को ..... बजे .....

.....के कार्यालय में प्रस्तुत की जानी है।

ख) उन निविदाकारों के समक्ष खोली जाएगी जो दिनांक ..... को .....बजे

.....के कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

सेवा में प्रेषित (ठेकेदार) : .....

कागजात जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर: .....

पद .....

जारी करने की तारीख .....

निविदा

मैंने/हमने कार्य के लिए निविदा आमंत्रण सूचना, अनुसूची–क, ख, ग, घ, ङ, और च, लागू विनिर्देश, नक्शे एवं डिजाइन, सामान्य नियम एवं निर्देश, ठेके के उपबंध, विशिष्ट शर्तें, दर अनुसूची एवं अन्य कागजात तथा ठेके की शर्तों में दिए गए नियम तथा निविदा कागजात में उल्लिखित अन्य बातों को पढ़ व जांच लिया है।

मैं/हम, एतत्द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए अनुसूची 'च' में विनिर्दिष्ट समय के अन्दर विनिर्दिष्ट कार्य, यथा–मात्राओं की अनुसूची तथा सभी संबंधित विनिर्देशों, डिजाइनों, नक्शों के अनुरूप तथा सामान्य नियमावली के नियम–1 और ठेके की शर्तों के खंड–11 में उल्लिखित लिखित अनुदेशों एवं ऐसी सामग्रियों, जो प्रदान की जाती हैं और उसके संबंध में, ऐसी शर्तें जो लागू हों, के अनुरूप निष्पादन हेतु निविदा देता हूं/देते हैं।

हम निविदा को, इसके प्रस्तुत किए जाने की तारीख से 60 दिनों के लिए खुला रखने तथा इसकी शर्तों एवं निबंधनों में किसी प्रकार का परिवर्तन न करने के लिए सहमत हैं।

रु. ..... की धनराशि, धरोहर राशि के रूप में नकद/ट्रेजरी चालान रसीद/अनुसूचित बैंक की मांग जमा रसीद/अनुसूचित बैंक की सावधी जमा रसीद/अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में जमा कराई जा चुकी है। यदि मैं/हम निर्धारित निष्पादन गारंटी को निर्धारित समय अवधि में प्रस्तुत करनें में असफल रहते हैं तो मैं/हम यह मंजूर करते हैं कि भारत के उक्त राष्ट्रपति या उनके कार्यालय के उत्तराधिकारी किसी अन्य अधिकार या उपचारी उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उक्त धरोहर राशि जब्त करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र होंगे। इसके अलावा, यदि मैं/हम विनिर्दिष्ट कार्य प्रारम्भ करने में असफल रहते हैं, तो मैं/हम यह मंजूर करते हैं कि भारत के राष्ट्रपति या उनके कार्यालय के उत्तराधिकारी

agree that the said President of India or his successors in office shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit the said earnest money absolutely. Further, if I/we fail to commence work as specified, I/we agree that President of India or his successors in office shall without prejudice to any other right or remedy available in law, be at liberty to forfeit the said earnest money and the performance guarantee absolutely, otherwise the said earnest money shall be retained by him towards security deposit to execute all the works referred to in the tender documents upon the terms and conditions contained or referred to therein and to carry out such deviations as may be ordered, upto maximum of the percentage mentioned in Schedule 'F' and those in excess of that limit at the rates to be determined in accordance with the provision contained in Clause 12.2 and 12.3 of the tender form.

Further, I/We agree that in case of forfeiture of earnest money or both Earnest Money & Performance Guarantee as aforesaid, I/We shall be debarred for participation in the re-tendering process of the work.

I/We hereby declare that I/we shall treat the tender documents drawings and other records connected with the work as secret/confidential documents and shall not communicate information derived therefrom to any person other than a person to whom I/we am/are authorised to communicate the same or use the information in any manner prejudicial to the safety of the State.

Dated .....

Signature of Contractor
Postal Address

Witness:
Address:
Occupation:

ACCEPTANCE

The above tender (as modified by you as provided in the letters mentioned hereunder) is accepted by me for and on behalf of the President of India for a sum of Rs._____
(Rupees_____)

The letters referred to below shall form part of this contract Agreement:-

a)

b)

c)

For & on behalf of the President of India.
Signature_____

Designation_____

Dated .....

कानून में उपलब्ध किसी अन्य अधिकार या उपचारी उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उक्त धरोहर राशि, तथा निष्पादन गारंटी जब्त करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र होंगे अन्यथा उक्त धरोहर राशि निविदा कागजात के अनुसार उसमें निहित शर्तों व निबंधनों के अनुसार कार्यों के निष्पादन एवं आदिष्ट विचलनों को अनुसूची 'च' में वर्णित प्रतिशत से अनधिक व निविदा प्रपत्र के खंडों 12.2 व 12.3 में निहित प्रावधानों के अनुसार निश्चित की जाने वाली दरों पर उस सीमा से अधिक के विचलनों के करने के लिए उनके द्वारा प्रतिभूति–निक्षेप के रूप में रोक ली जाएगी।

इसके अतिरिक्त मै/हम सहमत हैं कि बयाना राशी या बयाना राशी तथा उपर्युक्त निष्पादन गारंटी जब्त हो जाने के मामले में मुझे/हमें कार्य की पुनः निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से रोक दिया जाएगा।

मैं/हम एतत्द्वारा घोषणा करते हैं कि मैं/हम निविदा कागजातों, नक्शों और कार्य से संबंधित अन्य अभिलेखों को गुप्त/गोपनीय कागजात के रूप में रखेंगे और उनसे प्राप्त/ली गई जानकारी किसी अन्य को, जिन्हें मैं/हम सूचित करने के लिए प्राधिकृत हों, से भिन्न किसी को, नहीं बताएंगे या जानकारी को किसी ऐसे रूप में प्रयोग नहीं करेंगे जो राज्य की सुरक्षा के लिए प्रतिकूल हो।

तारीख .....

ठेकेदार के हस्ताक्षर

डाक पता

साक्षी

पता

उपजीविका

स्वीकृति

मैं भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए रु. ..... (रूपए .....
.....)
की राशि के लिए उपर्युक्त निविदा (अधोलिखित पत्रों के अनुसार परिवर्तित) स्वीकार करता हूं।

नीचे दिए गए पत्र इस ठेका करार का हिस्सा होंगे।

(अ)

(ब)

(स)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए

हस्ताक्षर .....

तारीख .....

पदनाम .....

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL PUBLIC WORKS DEPARTMENT

General Rules & Directions

1. All work proposed for execution by contract will be notified in a form of invitation to tender pasted in public places and signed by the officer inviting tender or by publication in News papers as the case may be.

   This form will state the work to be carried out, as well as the date for submitting and opening tenders and the time allowed for carrying out the work, also the amount of earnest money to be deposited with the tender, and the amount of the security deposit to be deposited by the successful tenderer and the percentage, if any, to be deducted from bills. Copies of the specifications, designs and drawings and any other documents required in connection with the work signed for the purpose of identification by the officer inviting tender shall also be open for inspection by the contractor at the office of officer inviting tender during office hours.

2. In the event of the tender being submitted by a firm, it must be signed separately by each partner thereof or in the event of the absence of any partner, it must be signed on his behalf by a person holding a power-of attorney authorising him to do so, such power of attorney to be produced with the tender, and it must disclose that the firm is duly registered under the Indian Partnership Act, 1952.

3. Receipts for payment made on account of work, when executed by a firm, must also be signed by all the partners, except where contractors are described in their tender as a firm, in which case the receipts must be signed in the name of the firm by one of the partners, or by some other person having due authority to give effectual receipts for the firm.

Applicable for Item Rate Tender only (CPWD - 8)

4. Any person who submits a tender shall fill up the usual printed form, stating at what rate he is willing to undertake each item of the work. Tenders, which propose any alteration in the work specified in the said form of invitation to tender, or in the time allowed for carrying out the work, or which contain any other conditions of any sort, including conditional rebates, will be summarily rejected. No single tender shall include more than one work, but contractors who wish to tender for two or more works shall submit separate tender for each. Tender shall have the name and number of the works to which they refer, written on the envelopes.

   The rate(s) must be quoted in decimal coinage. Amounts must be quoted in full rupees by ignoring fifty paise and considering more than fifty paise as rupee one.

Applicable for Percentage Rate Tender only (CPWD - 7)

4 A. In case of Percentage Rate Tenders, tenderer shall fill up the usual printed form, stating at what percentage below/above (in figures as well as in words) the total estimated cost given in Schedule of Quantities at Schedule-A, he will be willing to execute the work. Tenders, which propose any alteration in the work specified in the said form of invitation to tender, or



भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

सामान्य नियम एवं निर्देश

1. ठेके द्वारा निष्पादन के लिए प्रस्तावित सभी कार्यों की सूचना निविदा के लिए आमंत्रण के प्रारूप में दी जाएगी जो सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जाएगी और निविदा आंमत्रित करने वाले अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और समाचार पत्रों में प्रकाशित जैसा भी मामला हो, की जाएगी।

   इस प्रारूप में किए जाने वाले कार्य विवरण के साथ ही निविदाओं को प्रस्तुत करने और उन्हें खोलने की तारीख का और कार्य किए जाने के लिए अनुमत समय का तथा निविदा के साथ जमा किए जाने वाले धरोहर धन की रकम का और सफल निविदाकारों द्वारा जमा की जाने वाली रकम और बिलों में से जिस प्रतिशत से प्रतिभूति निक्षेप की कटौती की जाएगी उसका भी विवरण होगा। पहचान के प्रयोजन के लिए निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी द्वारा डिजाइनों और आरेखों की प्रतियां तथा कार्य के संबंध में अपेक्षित कोई अन्य दस्तावेज भी निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान ठेकेदार द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रहेगी।

2. यदि निविदा किसी फर्म द्वारा दी जाती है तो वह उस फर्म के हर एक भागीदार द्वारा अलग–अलग हस्ताक्षरित की जानी चाहिए या किसी भागीदार की अनुपस्थिति में उसकी ओर से किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिए जिसके पास उसे ऐसा करने के लिए प्राधिकृत करने वाला मुख्तारनामा हो। ऐसा मुख्तारनामा निविदा के साथ पेश किया जाएगा और उससे यह प्रकट होना चाहिए कि फर्म भारतीय भागीदारी अधिनियम 1952 के अधीन पंजीकृत है।

3. किसी फर्म द्वारा निष्पादित कार्य के बारे में किए गए संदायों की पावतियां भी सभी भागीदारों द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिएं किन्तु जहां ठेकेदार अपनी निविदा में फर्म के रूप में वर्णित है, वहां पावतियां किसी एक भागीदार द्वारा या फर्म के लिए प्रभावी पावतियां देने के प्राधिकार रखने वाले किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिए।

केवल मद दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –8)

4. कोई भी व्यक्ति जो निविदा देता है, साधारण मुद्रित प्रारूप को भरेगा, जिसमें वह यह बताएगा कि वह निविदा में दी गई प्रत्येक कार्य मदों को किस दर पर करने के लिए सहमत है। जिन निविदाओं में निविदा के लिए आमंत्रण के उक्त प्रारूप में विनिर्दिष्ट कार्य में, या कार्य करने के लिए अनुमत्य समय में किसी परिवर्तन की प्रस्तावना की गई हो अथवा सशर्त छूट दिए जाने की शर्त सहित किसी भी प्रकार की कोई अन्य शर्त निहित हो, ऐसी निविदाओं को अस्वीकार कर दिया जाएगा। किसी एकल निविदा के अन्तर्गत एक से अधिक कार्य नहीं होंगे किन्तु यदि ठेकेदार दो या अधिक कार्यों के लिए निविदा देना चाहें तो उन्हें प्रत्येक कार्य के लिए पृथक निविदा देनी होगी। लिफाफे के ऊपर निविदाओं से संबंधित कार्य का नाम और उसकी संख्या को लिखना होगा।

   दर (दरें) दाशमिक सिक्का प्रणाली में बताई जानी चाहिए। राशि रूपए में बताई जानी चाहिए। पचास पैसे और उससे कम राशि छोड़ दी जाएगी और पचास पैसे से अधिक को एक रुपया माना जाएगा।

केवल प्रतिशतता दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –7)

4 **अ** प्रतिशत दर निविदाओं के मामले में निविदाकार सामान्य मुद्रित प्रारूप भरेगा, जिसमें वह यह बताएगा कि वह अनुसूची क में दी गई मात्राओं की अनुसूची में दी गई कुल अनुमानित लागत से कितने कम/अधिक (अंकों और शब्दों दोनों में) प्रतिशत पर निर्माण कार्य संपन्न करना चाहेगा। जिन निविदाओं में उक्त निविदा आमंत्रण प्रारूप

in the time allowed for carrying out the work, or which contain any other conditions of any sort including conditional rebates, will be summarily rejected. No single tender shall include more than one work, but contractors who wish to tender for two or more works shall submit separate tender for each. Tender shall have the name and number of the works to which they refer, written on the envelopes.

5. The officer inviting tender or his duly authorised assistant, will open tenders in the presence of any intending contractors who may be present at the time, and will enter the amounts of the several tenders in a comparative statement in a suitable form. In the event of a tender being accepted, a receipt for the earnest money forwarded therewith shall thereupon be given to the contractor who shall thereupon for the purpose of identification sign copies of the specifications and other documents mentioned in Rule-I. In the event of a tender being rejected, the earnest money forwarded with such unaccepted tender shall thereupon be returned to the contractor remitting the same, without any interest.

6. The officer inviting tenders shall have the right of rejecting all or any of the tenders and will not be bound to accept the lowest or any other tender.

7. The receipt of an accountant or clerk for any money paid by the contractor will not be considered as any acknowledgment or payment to the officer inviting tender and the contractor shall be responsible for seeing that he procures a receipt signed by the officer inviting tender or a duly authorised Cashier.

8. The memorandum of work tendered for and the schedule of materials to be supplied by the department and their issue-rates, shall be filled and completed in the office of the officer inviting tender before the tender form is issued. If a form is issued to an intending tenderer without having been so filled in and incomplete, he shall request the officer to have this done before he completes and delivers his tender.

9. The tenderers shall sign a declaration under the officials Secret Act 1923, for maintaining secrecy of the tender documents drawings or other records connected with the work given to them. The unsuccessful tenderers shall return all the drawings given to them.

Applicable for Item Rate Tender only (CPWD - 8)

10. In the case of Item Rate Tenders, only rates quoted shall be considered. Any tender containing percentage below/above the rates quoted is liable to be rejected. Rates quoted by the contractor in item rate tender in figures and words shall be accurately filled in so that there is no discrepancy in the rates written in figures and words. However, if a discrepancy is found, the rates which correspond with the amount worked out by the contractor shall unless otherwise proved be taken as correct. If the amount of an item is not worked out by the contractor or it does not correspond with the rates written either in figures or in words, then the rates quoted by the contractor in words shall be taken as correct. Where the rates quoted by the contractor in figures and in words tally, but the amount is not worked out correctly, the rates quoted by the contractor will unless otherwise proved be taken as correct and not the amount. In event no rate has been quoted for any item(s), leaving space both in figure(s), word(s), and amount blank, it will be presumed that the contractor has included the cost of this/these item(s) in other items and rate for such item(s) will be considered as zero and work will be required to be executed accordingly.

Applicable for Percentage Rate Tender only (CPWD - 7)

10 A. In case of Percentage Rate Tenders only percentage quoted shall be considered. Any tender containing item rates is liable to be rejected. Percentage quoted by the contractor in percentage rate tender shall be accurately filled in figures and words, so that there is no discrepancy. However if the contractor has worked out the amount of the tender and if any

में उल्लिखित कार्य में या कार्य करने के लिए निर्धारित समय में किसी प्रकार परिवर्तन करने का प्रस्ताव किया गया हो या जिसमें सशर्त छूट दिए जाने सहित किसी प्रकार की कोई अन्य शर्त निहित हो, उन्हें रद्द कर दिया जाएगा। किसी एक निविदा में एक से अधिक कार्य शामिल नहीं किया जाएगा, किन्तु जो ठेकेदार दो या अधिक कार्यों के लिए निविदा देना चाहता है, उसे प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा देनी होगी। निविदा में उन कार्यों के नाम और उन की संख्या लिफाफों पर लिखी जाएगी जिनसे वह सम्बंधित है।

5. निविदा आमंत्रित करने वाला अधिकारी या उसका सम्यक रूप से प्राधिकृत सहायक निविदाओं को किन्हीं ऐसे ठेकेदारों की उपस्थिति में खोलेगा जो ठेका लेने का विचार रखते हों और उस समय वहां उपस्थित हों और पृथक–पृथक निविदाओं की रकम को उपयुक्त प्रारूप में एक तुलनात्मक विवरण में दर्ज करेगा। किसी निविदा के स्वीकार किए जाने की दशा में साथ भेजे गए धरोहर धन की पावती ठेकेदार को दे दी जाएगी जो नियम–1 में उल्लिखित विनिर्देशों और अन्य दस्तावेजों की प्रतियों पर पहचान के प्रयोजन के लिए हस्ताक्षर करेगा, किसी निविदा के अस्वीकार किए जाने की दशा में ऐसी अस्वीकृत निविदा के साथ भेजा जाने वाला धरोहर धन उसको भेजने वाले ठेकेदार को बिना ब्याज के वापस कर दिया जाएगा।

6. निविदाएं आमंत्रित करने वाले अधिकारी को सभी निविदाओं या उनमें से किन्हीं को अस्वीकार करने का अधिकार होगा और वह निम्नतम निविदा या किसी भी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए आबद्ध नहीं होगा।

7. ठेकेदार द्वारा संदत्त धन के लिए लेखापाल या लिपिक की पावती निविदा आमंत्रक अधिकारी को संदाय की अभिस्वीकृति नहीं मानी जाएगी और ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी या सम्यक रूप से प्राधिकृत रोकड़िया द्वारा हस्ताक्षरित पावती ले।

8. जिस कार्य के लिए निविदा दी जाती है उसका विज्ञापन विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री की अनुसूची और उनकी निर्गम दरें, निविदा प्रारूप जारी करने से पूर्व निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के कार्यालय में पूरी तौर से भरी जाएगी। यदि निविदा करने का विचार रखने वाले किसी निविदाकार को इस प्रकार भरे एवं पूर्ण किए बिना प्रारूप जारी कर दिया जाए तो वह अपनी निविदा पूरी करने और उसे देने से पूर्व कार्यालय से ऐसा करवा लेने के लिए निवेदन करेगा।

a) To determine or rescind the contract as aforesaid (of which termination or rescission notice in writing to the contractor under the hand of the Engineer-in-Charge shall be conclusive evidence). Upon such determination or rescission, the Earnest Money Deposit, Security Deposit already recovered and Performance Guarantee under the contract shall be liable to be forfeited and shall be absolutely at the disposal of the Government.

b) After giving notice to the contractor to measure up the work of the contractor and to take such whole, or the balance or part thereof, as shall be un-executed out of his hands and to give it to another contractor to complete the work. The contractor, whose contract is determined or rescinded as above, shall not be allowed to participate in the tendering process for the balance work.

In the event of above courses being adopted by the Engineer-in-Charge, the contractor shall have no claim to compensation for any loss sustained by him by reasons of his having purchased or procured any materials or entered into any engagements or made any advances on account or with a view to the execution of the work or the performance of the contract. And in case action is taken under any of the provision aforesaid, the contractor shall not be entitled to recover or be paid any sum for any work thereof or actually performed under this contract unless and until the Engineer-in-Charge has certified in writing the performance of such work and the value payable in respect thereof and he shall only be entitled to be paid the value so certified.

CLAUSE 3A

In case, the work cannot be started due to reasons not within the control of the contractor within 1/8th of the stipulated time for completion of work, either party may close the contract. In such eventuality, the Earnest Money Deposit and the Performance Guarantee of the contractor shall be refunded, but no payment on account of interest, loss of profit or damages etc. shall be payable at all.

CLAUSE 4

Contractor liable to pay Compensation even if action not taken under Clause 3

In any case in which any of the powers conferred upon the Engineer-in-Charge by Clause-3 thereof, shall have become exercisable and the same are not exercised, the non-exercise thereof shall not constitute a waiver of any of the conditions hereof and such powers shall notwithstanding be exercisable in the event of any future case of default by the contractor and the liability of the contractor for compensation shall remain unaffected. In the event of the Engineer-in-Charge putting in force all or any of the powers vested in him under the preceding clause he may, if he so desires after giving a notice in writing to the contractor, take possession of (or at the sole discretion of the Engineer-in-Charge which shall be final and binding on the contractor) use as on hire (the amount of the hire money being also in the final determination of the Engineer-in-Charge) all or any tools, plant, materials and stores, in or upon the works, or the site thereof belonging to the contractor, or procured by the contractor and intended to be used for the execution of the work/or any part thereof, paying or allowing for the same in account at the contract rates, or, in the case of these not being applicable, at current market rates to be certified by the Engineer-in-Charge, whose certificate thereof shall be final, and binding on the contractor, clerk of the works, foreman or other authorised agent to remove such tools, plant, materials, or stores from the premises (within a time to be specified in such notice) in the event of the contractor failing to comply with any such requisition, the Engineer-in-Charge may remove them at the contractor's expense or sell them by auction or private sale on account of the contractor and his risk in all respects and the certificate of the Engineer-in-Charge as to the expenses of any such removal and the amount of the proceeds and expenses of any such sale shall be final and conclusive against the contractor.

vii) यदि ठेकेदार अनुबंधित समय के 1/8वें समय के भीतर, कार्य आरम्भ नहीं करता है।

जब ठेकेदार ने पूर्वोक्त दशाओं में से किसी एक के अधीन स्वयं पर कार्रवाई किए जाने के दायित्वाधीन कर लिया हो तो भारत के राष्ट्रपति की ओर से भारसाधक इंजीनियर को यह शक्तियां होंगी कि वहः

क) ठेके का पूर्वोक्त रूप से अवसान या विखंडन कर दे (जिस अवसान या विखंडन की ठेकेदार को भारसाधक इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित लिखित सूचना निश्चायक साक्षी होगी)। ऐसे अवसान या विखण्डन पर ठेके के तहत निष्पादन गारंटी, पहले से वसूल प्रतिभूति निक्षेप तथा धरोहर राशि निक्षेप जब्त किए जाने के दायित्वाधीन होगा और पूर्णतः सरकार के व्ययनाधीन होगा।

ख) ठेकेदार को सूचना देने के पश्चात उसके कार्य की माप करें और उसके कार्य का वह पूरा या शेष या भाग जो अनिष्पादित रह जाए, उससे लेकर दूसरे ठेकेदार को उसे पूरा करने के लिए दे दिया जाए। जिस ठेकेदार के ठेके का उपर्युक्त के अनुसार अवसान या विखंडन कर दिया गया हो, उसे शेष कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारसाधक अभियंता द्वारा उपर्युक्त मार्ग अपनाए जाने की दशा में ऐसी कोई हानि जो ठेकेदार को ऐसी किसी सामग्री के खरीद लिए जाने या प्राप्त कर लिए जाने अथवा कोई वचन कर लिए जाने या कोई पेशगी दे दिए जाने के कारण उसे उठानी पड़ी हो और यदि पूर्वोक्त उपबन्धों में से किसी के अधीन कार्यवाही की जाती है तो ठेकेदार इस ठेके के अधीन वस्तुतः किए गए किसी कार्य के लिए कोई राशि वसूल करने या संदत्त किए जाने का हकदार तब तक नहीं होगा जब तक कि भारसाधक इंजीनियर ने ऐसे कार्य का निष्पादन और संदेय मूल्य लिखित रूप से प्रमाणित न कर दिया हो।

खण्ड–3 क

यदि कार्य को कार्य समापन के अनुबंधित समय के 1/8वें समय के भीतर, उन कारणों से शुरू नहीं किया जा सकता हो जो ठेकेदार के नियंत्रण से परे हों, तो कोई भी पक्ष ठेका समाप्त कर सकता है। ऐसी स्थिति में, धरोहर राशि निक्षेप तथा ठेकेदार की निष्पादन गारंटी को वापस कर दिया जाएगा, किन्तु इस संबंध में उसे किसी प्रकार ब्याज, लाभ की क्षति या नुकसान आदि के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

खण्ड–4

खण्ड 3 के अन्तर्गत कार्रवाई न भी की गई हो तो भी ठेकेदार प्रतिकर के भुगतान का उत्तरदायी

ऐसी किसी दशा में जिसमें इसके खण्ड 3 द्वारा भारसाधक इंजीनियर को प्रदत्त कोई शक्ति प्रयोग–योग्य हो जाए और उसका प्रयोग न किया जाए तो उसका प्रयोग न किया जाना इसकी किन्हीं शर्तों का अधित्याग नहीं माना जाएगा और इसके होते हुए भी भविष्य में ठेकेदार द्वारा व्यतिक्रम किए जाने की दशा में ऐसी शक्तियां प्रयोग की जा सकेंगी और प्रतिकर के लिए ठेकेदार का दायित्व अप्रभावित होगा। यदि भारसाधक इंजीनियर पूर्वगामी खण्ड के अधीन अपने में निहित सब शक्तियों या उनमें से किसी का प्रयोग करे तो वह यदि चाहे तो ठेकेदार के या ठेकेदार द्वारा प्राप्त किए गए और कार्य निष्पादन के लिए प्रयुक्त किए जाने के लिए आशयित उन सब या किन्हीं औजारों, संयंत्र सामान और सामग्री का, जो कार्य में अथवा उसके स्थल पर हों या उनके किसी भाग का उनके लिए ठेके की दरों पर या यदि ये लागू नहीं है तो भारसाधक इंजीनियर द्वारा प्रमाणित की जाने वाली चालू बाजार दरों पर, जिनके बारे में उसका प्रमाण–पत्र अन्तिम होगा, संदाय करके या लेखे में अनुज्ञात करके ठेकेदार को लिखित सूचना देकर कब्जा ले सकेगा (या पूर्णतः भारसाधक इंजीनियर के विवेकानुसार, जो अन्तिम होगा) भाड़े पर प्रयुक्त कर सकेगा (भाड़ा धन की रकम भी अन्तिम रूप से भारसाधक इंजीनियर द्वारा निर्धारित की जाएगी) अन्यथा भारसाधक इंजीनियर लिखित सूचना द्वारा ठेकेदार को या कार्य पर उसके लिपिक को, फोरमैन को, या अन्य प्राधिकृत अभिकर्ता को ऐसे औजार, संयंत्र, सामान या सामग्री को परिसर से (ऐसी सूचना में विनिर्दिष्ट समय के भीतर) हटाने के लिए आदेश दे सकेगा और यदि ठेकेदार ऐसी अपेक्षा का अनुपालन करने में विफल रहे तो भारसाधक इंजीनियर उनको ठेकेदार के खर्च पर हटवा सकेगा या नीलाम द्वारा या ठेकेदार के लेखे और–सभी दृष्टियों से उनके जोखिम पर नीलाम करके बेच सकेगा और ऐसे किसी हटाए जाने के व्यय के और ऐसी बिक्री से प्राप्त रकम और व्यय के बारे में भारसाधक इंजीनियर का प्रमाण–पत्र ठेकेदार के विरुद्ध अन्तिम और निश्चायक होगा।

CLAUSE 5

Time and Extension for Delay

The time allowed for execution of the Works as specified in the Schedule 'F' or the extended time in accordance with these conditions shall be the essence of the Contract. The execution of the works shall commence from such time period as mentioned in letter of acceptance or from the date of handing over of the site whichever is later. If the Contractor commits default in commencing the execution of the work as aforesaid, Government shall without prejudice to any other right or remedy available in law, be at liberty to forfeit the earnest money & performance guarantee absolutely.

5.1 As soon as possible after the Contract is concluded the Contractor shall submit a Time and Progress Chart for each mile stone and get it approved by the Department. The Chart shall be prepared in direct relation to the time stated in the Contract documents for completion of items of the works. It shall indicate the forecast of the dates of commencement and completion of various trades of sections of the work and may be amended as necessary by agreement between the Engineer-in-Charge and the Contractor within the limitations of time imposed in the Contract documents, and further to ensure good progress during the execution of the work, the contractor shall in all cases in which the time allowed for any work, exceeds one month (save for special jobs for which a separate programme has been agreed upon) complete the work as per mile stones given in Schedule 'F'.

5.2 If the work(s) be delayed by:-

i) force majeure, or

ii) abnormally bad weather, or

iii) serious loss or damage by fire, or

iv) civil commotion, local commotion of workmen, strike or lockout, affecting any of the trades employed on the work , or

v) delay on the part of other contractors or tradesmen engaged by Engineer-in-Charge in executing work not forming part of the Contract, or

vi) non-availability of stores, which are the responsibility of Government to supply or

vii) non-availability or break down of tools and Plant to be supplied or supplied by Government or

viii) any other cause which, in the absolute discretion of the authority mentioned in Schedule 'F' is beyond the Contractor's control.

then upon the happening of any such event causing delay, the Contractor shall immediately give notice thereof in writing to the Engineer-in-Charge but shall nevertheless use constantly his best endeavors to prevent or make good the delay and shall do all that may be reasonably required to the satisfaction of the Engineer-in-Charge to proceed with the works.

5.3 Request for rescheduling of Mile stones and extension of time, to be eligible for consideration, shall be made by the Contractor in writing within fourteen days of the happening of the event causing delay on the prescribed form. The Contractor may also, if practicable, indicate in such a request the period for which extension is desired.

5.4 In any such case the authority mentioned in Schedule 'F' may give a fair and reasonable extension of time and reschedule the mile stones for completion of work. Such extension shall be communicated to the Contractor by the Engineer-in-Charge in writing, within 3 months of the date of receipt of such request. Non application by the contractor for extension of time shall not be a bar for giving a fair and reasonable extension by the Engineer-in-Charge and this shall be binding on the contractor.

खण्ड–5

विलंब के लिए समय और समय वृद्धि

अनुसूची 'च' में निर्दिष्ट अनुसार कार्य निष्पादन के लिए अनुमत्य समय अथवा इन निबंधनों के अनुसार बढ़ाया गया समय ठेके के लिए महत्त्वपूर्ण होगा। इस कार्य का निष्पादन, कार्य स्वीकृति पत्र में उल्लिखित समयावधि या कार्यस्थल सौंपे जाने की तारीख से, जो भी बाद में हो, से आरम्भ किया जाएगा। यदि ठेकेदार उपर्युक्तानुसार कार्य निष्पादन प्रारंभ करने में त्रुटि करता है तो सरकार, अपने किसी भी अधिकार या कानून के तहत उपचार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना धरोहर राशि तथा निष्पादन गारंटी पूरी तरह जब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी।

5.1 ठेके को अंतिम रूप दिए जाने के बाद जितना जल्दी हो सके ठेकेदार प्रत्येक लक्ष्य के लिए एक समय और प्रगति चार्ट प्रस्तुत करेगा और इसे विभाग से अनुमोदित कराएगा। ठेका कागजातों में कार्यमदों को पूरा करने के लिए दिए गए समय के सापेक्ष चार्ट तैयार किया जाएगा। इसमें पहले से ही कार्य प्रांरभ करने और कार्य के भागों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने की तारीखों का उल्लेख होगा और इन्हें ठेका कागजातों में बताई गई समय सीमाओं के अंदर आवश्यकतानुसार भारसाधक इंजीनियर और ठेकेदार के मध्य आपसी करार द्वारा संशोधित किया जा सकता है और आगे कार्य निष्पादन के दौरान अच्छी प्रगति सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार उन सभी मामलों में जिनमें किसी भी कार्य के लिए अनुमत्य समय एक माह से अधिक हो (उन विशेष कार्यों को छोड़ कर जिनके लिए विशेष कार्यक्रम तय किया गया है) उन्हें अनुसूची 'च' में दिए लक्ष्यों के अनुसार पूरा करेगा।

5.2 यदि कार्य/कार्यों में निम्नलिखित में से किसी कारण विलंब हो :–

i) अपरिहार्य घटना या

ii) बहुत खराब मौसम या

iii) आग के कारण हानि या क्षति या

iv) नागरिक अशान्ति, कर्मकारों की स्थानिक अशान्ति, हड़ताल या तालाबंदी जिसके कारण कार्य से संबंधित किसी भी कार्यकलाप पर प्रभाव पड़ता हो।

v) अन्य ठेकेदारों द्वारा किया गया विलंब या ठेके से अलग, कार्य निष्पादन के लिए भारसाधक इंजीनियर द्वारा लगाए गए कामगारों द्वारा किया गया विलंब

vi) भण्डार की अनुपलब्धता जिसकी आपूर्ति सरकार का दायित्व है।

vii) सरकार द्वारा दिए जाने वाले या दिए गए औजार एवं संयंत्र की अनुपलब्धता या विफलता या

viii) कोई भी अन्य कारण जो अनुसूची ('च') में उल्लिखित प्राधिकारी के विचार में ठेकेदार के नियंत्रण से बाहर हो।

ऐसी किसी घटना के कारण होने वाले विलंब पर ठेकेदार तत्काल भारसाधक इंजीनियर को उसका लिखित नोटिस देगा और फिर भी लगातार यह भरसक प्रयास करेगा कि और विलंब न हो या विलंब की भरपाई हो और कार्य को जारी रखने के लिए जैसा भी अपेक्षित होगा वह सब भारसाधक इंजीनियर की संतुष्टि से करेगा।

5.3 विलंब करने वाली घटना होने के चौदह दिन के भीतर ठेकेदार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में लक्ष्यों को दोबारा अनुसूचित करने तथा समय बढ़ाने के लिए लिखित अनुरोध किया जाएगा और तभी इस पर विचार किया जाएगा। यदि व्यवहार्य हो तो ठेकेदार ऐसे अनुरोध में उस अवधि का उल्लेख कर सकता है जिसके लिए बढ़त वांछित है।

5.4 ऐसे किसी भी मामले में अनुसूची 'च' में उल्लिखित प्राधिकारी कार्य पूरा करने के लिए समय में उचित एवं औचित्यपूर्ण वृद्धि तथा लक्ष्यों को दोबारा अनुसूचित कर सकता है। भारसाधक इंजीनियर द्वारा इस आशय का अनुरोध प्राप्त करने की तारीख के 3 महीने के भीतर ठेकेदार को ऐसी वृद्धि की लिखित सूचना दी जाएगी। समय में वृद्धि के लिए ठेकेदार द्वारा आवेदन न करने से भारसाधक इंजीनियर द्वारा उचित और औचित्यपूर्ण वृद्धि देने पर रोक नहीं लगेगी और यह ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

CLAUSE 6

Measurements of Work Done

Engineer-in-Charge shall, except as otherwise provided, ascertain and determine by measurement the value in accordance with the contract of work done.

All measurement of all items having financial value shall be entered in Measurement Book and/or level field book so that a complete record is obtained of all works performed under the contract.

All measurements and levels shall be taken jointly by the Engineer-in-Charge or his authorised representative and by the contractor or his authorised representative from time to time during the progress of the work and such measurements shall be signed and dated by the Engineer-in-Charge and the contractor or their representatives in token of their acceptance. If the contractor objects to any of the measurements recorded, a note shall be made to that effect with reason and signed by both the parties.

If for any reason the contractor or his authorised representative is not available and the work of recording measurements is suspended by the Engineer-in-Charge or his representative, the Engineer-in-Charge and the Department shall not entertain any claim from contractor for any loss or damages on this account. If the contractor or his authorised representative does not remain present at the time of such measurements after the contractor or his authorised representative has been given a notice in writing three (3) days in advance or fails to countersign or to record objection within a week from the date of the measurement, then such measurements recorded in his absence by the Engineer-in-Charge or his representative shall be deemed to be accepted by the Contractor.

The contractor shall, without extra charge, provide all assistance with every appliance, labour and other things necessary for measurements and recording levels.

Except where any general or detailed description of the work expressly shows to the contrary, measurements shall be taken in accordance with the procedure set forth in the specifications notwithstanding any provision in the relevant Standard Method of measurement or any general or local custom. In the case of items which are not covered by specifications, measurements shall be taken in accordance with the relevant standard method of measurement issued by the Bureau of Indian Standards and if for any item no such standard is available then a mutually agreed method shall be followed.

The contractor shall give not less than seven days' notice to the Engineer-in-Charge or his authorised representative incharge of the work before covering up or otherwise placing beyond the reach of measurement any work in order that the same may be measured and correct dimensions thereof be taken before the same is covered up or placed beyond the reach of measurement and shall not cover up and place beyond reach of measurement any work without consent in writing of the Engineer-in-Charge or his authorised representative incharge of the work who shall within the aforesaid period of seven days inspect the work, and if any work shall be covered up or placed beyond the reach of measurements without such notice having been given or the Engineer-in-Charge's consent being obtained in writing the same shall be uncovered at the Contractor's expense, or in default thereof no payment or allowance shall be made for such work or the materials with which the same was executed.

Engineer-in-Charge or his authorised representative may cause either themselves or through another officer of the department to check the measurements recorded jointly or otherwise as aforesaid and all provisions stipulated herein above shall be applicable to such checking of measurements or levels.

It is also a term of this contract that recording of measurements of any item of work in the measurement book and/or its payment in the interim, on account or final bill shall not be considered as conclusive evidence as to the sufficiency of any work or material to which it relates nor shall it relieve the contractor from liabilities from any over measurement or defects noticed till completion of the defects liability period.

खण्ड–6

किए गए कार्य की माप

भारसाधक इंजीनियर, जब तक अन्यथा प्रावधान न हो, ठेके के अनुसार किए गए कार्य का मूल्य पैमाइश द्वारा सुनिश्चित और अवधारण करेगा।

वित्तीय मूल्य की सभी मदों की सभी पैमाइशें माप बही और या लेवल फील्ड बुक में दर्ज की जाएंगी ताकि ठेके के तहत किए गए सभी कार्यों का पूरा रिकार्ड तैयार हो जाए।

भारसाधक इंजीनियर या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि और ठेकेदार या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा कार्य की प्रगति के दौरान समय–समय पर सभी पैमाइशें और तल मापन संयुक्त रूप से ली जाएंगी और ऐसी पैमाइशों पर भार साधक इंजीनियर और ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि अपनी स्वीकृति के रूप में दिनांक सहित हस्ताक्षर करेंगे; यदि ठेकेदार दर्ज की गई किसी पैमाइश के संबंध में आपत्ति उठाता है तो उस आशय की एक टिप्पणी कारणों सहित बनाई जाएगी और दोनों पक्ष उस पर हस्ताक्षर करेंगे।

यदि किसी भी कारण से ठेकेदार या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि उपलब्ध न हो और भारसाधक इंजीनियर या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा माप दर्ज करने का कार्य रोक दिया जाता है तो इसके कारण होने वाली हानि या नुकसान के संबंध में ठेकेदार के किसी भी दावे को भारसाधक इंजीनियर और विभाग स्वीकार नहीं करेगा। ठेकेदार या उसके प्राधिकृत को तीन दिन का अग्रिम लिखित नोटिस देने के बाद भी यदि ठेकेदार या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि ऐसी पैमाइश करते समय उपस्थित नहीं रहता या प्रतिहस्ताक्षर नहीं करता या पैमाइश के एक सप्ताह के भीतर आपत्ति दर्ज करने में असफल रहता है तो उसकी अनुपस्थिति में भारसाधक इंजीनियर या उसके प्रतिनिधि द्वारा की गई ऐसी पैमाइशों को ठेकेदार द्वारा स्वीकृत माना जाएगा।

ठेकेदार बिना किसी अतिरिक्त प्रभार के पैमाइश और तल मापन के लिए प्रत्येक उपकरण, श्रम और अन्य आवश्यक चीजों के साथ समस्त सहायता उपलब्ध कराएगा।

जहां कार्य का कोई भी सामान्य या विस्तृत विवरण स्पष्टतः अलग दिया गया हो, उन्हें छोड़कर, पैमाइशें बताई गई पद्धति के अनुसार ली जाएंगी चाहे माप की संबंधित मानक विधि या किसी सामान्य या स्थानीय विधि में कोई भी प्रावधान क्यों न हो। ऐसी मदों के मामले में, जो विनिर्देशों के अन्तर्गत नहीं आती, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी की गई माप की संबंधित मानक विधि के अनुसार पैमाइश की जाएगी और यदि किसी मद के लिए ऐसा मानक उपलब्ध न हो तो आपस में तय की गई विधि अपनाई जाएगी।

ठेकेदार कोई भी ऐसा कार्य, जिसे ढकना हो या जिसे बाद में मापा न जा सके, करने से पहले कार्य के भारसाधक इंजीनियर या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि को सात दिन से कम का नोटिस नहीं देगा ताकि उसे ढकने, या ऐसा कार्य जिसे बाद में मापा न जा सके, करने से पहले उसे मापा जा सके और सही माप ली जा सके और कार्य को भारसाधक इंजीनियर या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि की, जो उपर्युक्त सात दिन की अवधि के भीतर कार्य का निरीक्षण करेगा, लिखित सहमति के बिना नही ढकेगा या ऐसा कार्य, जिसे बाद में मापा न जा सके, नहीं करेगा। यदि ऐसा नोटिस दिए बगैर या भारसाधक इंजीनियर की लिखित सहमति लिए बिना कोई कार्य ढक दिया जाता है या ऐसा जिसे बाद में मापा न जा सके तो उसे ठेकेदार के खर्चे पर खोला जाएगा और इसके कारण आई खराबी में ऐसे कार्य या इसके निष्पादन में प्रयुक्त सामग्रियों के लिए उसे कोई छूट नही दी जाएगी या कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

भारसाधक इंजीनियर या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि संयुक्त या उपर्युक्तानुसार अन्य तरह से दर्ज की गई मापों की स्वयं या विभाग के अन्य अधिकारी द्वारा जांच करा सकते हैं और इसमें ऊपर निर्धारित सभी प्रावधान मापों या तल मापन की ऐसी जांच पर भी लागू होंगे।

इस ठेके में यह भी शर्त है कि माप बही में कार्य की किसी भी मद की माप दर्ज होने या अंतरिम, लेखागत अथवा अंतिम बिल में उसका भुगतान होना इस बात का एकमेव प्रमाण नहीं होगा कि उससे संबंधित कोई कार्य या सामग्री संतोषजनक है और इसके तहत ठेकेदार किसी अधिक पैमाइश या त्रुटि दायित्व अवधि समाप्त होने तक पाई गई त्रुटियों के दायित्व से मुक्त नहीं होगा।

CLAUSE 7

Payment on Intermediate Certificate to be Regarded as Advances

No payment shall be made for work, estimated to cost Rs. Twenty thousand or less till after the whole of the work shall have been completed and certificate of completion given. For works estimated to cost over Rs. Twenty thousand, the interim or running account bills shall be submitted by the contractor for the work executed on the basis of such recorded measurements on the format of the Department in triplicate on or before the date of every month fixed for the same by the Engineer-in-Charge. The contractor shall not be entitled to be paid any such interim payment if the gross work done together with net payment/ adjustment of advances for material collected, if any, since the last such payment is less than the amount specified in Schedule 'F', in which case the interim bill shall be prepared on the appointed date of the month after the requisite progress is achieved. Engineer-in-Charge shall arrange to have the bill verified by taking or causing to be taken, where necessary, the requisite measurements of the work. In the event of the failure of the contractor to submit the bills, Engineer-in-Charge shall prepare or cause to be prepared such bills in which event no claims whatsoever due to delays on payment including that of interest shall be payable to the contractor. Payment on account of amount admissible shall be made by the Engineer-in-Charge certifying the sum to which the contractor is considered entitled by way of interim payment at such rates as decided by the Engineer-in-Charge. The amount admissible shall be paid by 10th working day after the day of presentation of the bill by the Contractor to the Engineer-in-Charge or his Asstt. Engineer together with the account of the material issued by the department, or dismantled materials, if any. In the case of works outside the headquarters of the Engineer- in-Charge, the period of ten working days will be extended to fifteen working days.

All such interim payments shall be regarded as payment by way of advances against final payment only and shall not preclude the requiring of bad, unsound and imperfect or unskilled work to be rejected, removed, taken away and reconstructed or re-erected. Any certificate given by the Engineer-in-Charge relating to the work done or materials delivered forming part of such payment, may be modified or corrected by any subsequent such certificate(s) or by the final certificate and shall not by itself be conclusive evidence that any work or materials to which it relates is/are in accordance with the contract and specifications. Any such interim payment, or any part thereof shall not in any respect conclude, determine or affect in any way powers of the Engineer-in-Charge under the contract or any of such payments be treated as final settlement and adjustment of accounts or in any way vary or affect the contract.

Pending consideration of extension of date of completion, interim payments shall continue to be made as herein provided without prejudice to the right of the department to take action under the terms of this contract for delay in the completion of work, if the extension of date of completion is not granted by the competent authority.

The Engineer-in-Charge in his sole discretion on the basis of a certificate from the Asstt. Engineer to the effect that the work has been completed upto the level in question make interim advance payments without detailed measurements for work done (other than foundations, items to be covered under finishing items) upto lintel level (including sunshade etc.) and slab level, for each floor working out at 75% of the assessed value. The advance payments so allowed shall be adjusted in the subsequent interim bill by taking detailed measurements thereof.

CLAUSE 8

Completion Certificate and Completion Plans

Within ten days of the completion of the work, the contractor shall give notice of such completion to the Engineer-in-Charge and within thirty days of the receipt of such notice the Engineer-in-Charge shall inspect the work and if there is no defect in the work, shall furnish the contractor with a final certificate of completion, otherwise a provisional certificate of physical completion indicating defects (a) to be rectified by the contractor and/or (b) for

खण्ड 7.

मध्यवर्ती प्रमाण पत्र पर दिए गए भुगतान को अग्रिम माना जाएगा

बीस हजार रुपए अथवा इससे कम की प्राक्कलित लागत वाले कार्य के लिए कोई भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक संपूर्ण कार्य पूरा न हो जाए और पूरा होने का प्रमाण पत्र न दे दिया गया हो। बीस हजार रुपए से अधिक की प्राक्कलित लागत वाले कार्यों के लिए ठेकेदार द्वारा निष्पादित कार्य के लिए इस प्रकार दर्ज मापों के आधार पर विभाग के प्रपत्र पर तीन प्रतियों में अंतरिम या चल लेखा बिल, भारसाधक इंजिनियर द्वारा, इस आशय के लिए निश्चित की गई प्रत्येक माह की तारीख तक या उससे पहले प्रस्तुत किए जाएंगे। यदि, पिछले ऐसे भुगतान के बाद किए गए शुद्ध भुगतान/एकत्र की गई सामाग्रियों यदि हों, के लिए अग्रिमों के समायोजन सहित कुल किया गया कार्य अनुसूची (च) में निर्दिष्ट राशि से कम हो तो ठेकेदार किसी भी अंतरिम भुगतान के लिए पात्र नहीं होगा और ऐसे मामले में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के बाद माह की निश्चित तारीख को अंतरिम बिल तैयार किया जाएगा। भारसाधक इंजीनियर, जहां आवश्यक हो कार्य की आवश्यक माप लेकर/या माप करवा के बिल सत्यापित करेगा। यदि ठेकेदार बिल प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो भारसाधक इंजीनियर बिल तैयार करेगा या करवाएगा और भुगतान में विलम्ब के कारण किसी भी दावे का, ब्याज के दावे सहित, ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाएगा। भारसाधक इंजीनियर द्वारा निश्चित की गई दरों पर अंतरिम भुगतान के रूप में ठेकेदार जितनी राशि का पात्र होगा उसे प्रमाणित करके अनुमत्य राशि का भुगतान भारसाधक इंजीनियर द्वारा किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा भारसाधक इंजीनियर या उसके सहायक इंजीनियर को विभाग द्वारा जारी सामग्री या तोड़ फोड़ से प्राप्त सामग्रियां, यदि कोई हों, के लेखा सहित बिल प्रस्तुत करने की तारीख के बाद 10वें कार्यदिवस तक अनुमत्य राशि का भुगतान किया जाएगा। भारसाधक इंजीनियर के मुख्यालय से बाहर के कार्यों के मामले में 10 कार्य दिवसों की अवधि को 15 कार्य दिवसों तक बढ़ाया जाएगा।

ऐसे सभी अंतरिम भुगतानों को केवल अंतिम भुगतान के प्रति अग्रिमों के रूप में भुगतान माना जाएगा और इससे खराब, दोषपूर्ण और अपूर्ण या अकुशल कार्य को अस्वीकृत/हटाने और ले जाने की और उसका पुनः सन्निर्माण करने या उसे फिर से स्थापित करने का दायित्व प्रभावित नहीं होगा। ऐसे भुगतान के भाग के रूप में किए गए कार्य या दी गई सामग्रियों के संबंध में भारसाधक इंजीनियर द्वारा दिए गए प्रभाण पत्र को बाद के किसी भी प्रमाण पत्र (पत्रों) या अंतिम प्रमाण पत्र द्वारा संशोधित या सुधार किया जा सकता है और यह अपने आप में इस बात का एकमेव प्रमाण नहीं होगा कि कोई कार्य या सामग्रियां, जिनसे वह संबंधित है/हो, ठेका और विनिर्देशों के अनुरूप हैं, ऐसा कोई भी अंतरिम भुगतान या उसका कोई भाग, ठेके के तहत भारसाधक इंजीनियर की शक्तियों को किसी भी रूप में पर्यवसित, समाप्त या प्रभावित नहीं करेगा और न ही ऐसे किसी भुगतान को लेखाओं का अंतिम परिनिर्धारण और समायोजन माना जाएगा या न किसी अन्य रूप में ठेके में फेरबदल या उसको प्रभावित करेगा।

कार्य समापन की तारीख में वृद्धि विचाराधीन होते हुए भी इसमें दिए गए अनुसार अंतरिम भुगतान किया जाता रहेगा। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्य समापन की तारीख में वृद्धि की अनुमति नहीं दी जाती है तो कार्य समापन में विलंब के लिए इस ठेके की शर्तों के तहत कार्रवाई करने के विभाग के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सहायक इंजीनियर द्वारा दिए गए इस आशय के प्रमाणपत्र के आधार पर, कि प्रसंगाधीन कार्य अपेक्षित स्तर तक पूरा कर लिया गया है, भारसाधक इंजीनियर अपने स्वयं के निर्णयनुसार सरदल स्तर (सन शेड आदि सहित) और स्लैब स्तर तक किए गए कार्य (नींव और संपूर्ति मदों के अन्तर्गत आने वाली मदों को छोड़कर) की विस्तृत माप लिए बिना हर मंजिल के लिए आकलित मूल्य का 75 प्रतिशत अंतरिम अग्रिम भुगतान कर सकता है। इस प्रकार अनुमत्य अग्रिम भुगतान को उनकी विस्तृत माप लेकर बाद के अंतरिम बिल में समायोजित किया जाएगा।

खण्ड 8:

समापन प्रमाण पत्र और समापन आयोजनाएं

कार्य के पूरा होने के दस दिन के भीतर ठेकेदार ऐसे पूरे होने की सूचना भारसाधक इन्जीनियर को देगा और ऐसी सूचना की प्राप्ति के तीस दिन के भीतर भारसाधक इन्जीनियर कार्य का निरीक्षण करेगा और यदि कार्य में कोई दोष न हो तो ठेकेदार को अंतिम समापन प्रमाण पत्र देगा अन्यथा ऐसे दोष (क) जो ठेकेदार द्वारा ठीक किए जाने हैं और या (ख) जिनके लिए संदाय घटी हुई दरों पर किया जाएगा, उपदर्शित करते हुए भौतिक रूप में कार्य पूरा

which payment will be made at reduced rates, shall be issued. But no final certificate of completion shall be issued, nor shall the work be considered to be complete until the contractor shall have removed from the premises on which the work shall be executed all scaffolding, surplus materials, rubbish and all huts and sanitary arrangements required for his/their work people on the site in connection with the execution of the works as shall have been erected or constructed by the contractor(s) and cleaned off the dirt from all wood work, doors, windows, walls, floor or other parts of the building, in, upon, or about which the work is to be executed or of which he may have had possession for the purpose of the execution thereof, and not until the work shall have been measured by the Engineer-in-Charge. If the contractor shall fail to comply with the requirements of this Clause as to removal of scaffolding, surplus materials and rubbish and all huts and sanitary arrangements as aforesaid and cleaning off dirt on or before the date fixed for the completion of work, the Engineer-in-Charge may at the expense of the contractor remove such scaffolding, surplus materials and rubbish etc., and dispose of the same as he thinks fit and clean off such dirt as aforesaid, and the contractor shall have no claim in respect of scaffolding or surplus materials as aforesaid except for any sum actually realised by the sale thereof.

CLAUSE 8 A

Contractor to Keep Site Clean

When the annual repairs and maintenance of works are carried out, the splashes and droppings from white washing, colour washing, painting etc., on walls, floor, windows, etc. shall be removed and the surface cleaned simultaneously with the completion of these items of work in the individual rooms, quarters or premises etc. where the work is done without waiting for the actual completion of all the other items of work in the contract. In case the contractor fails to comply with the requirements of this clause, the Engineer-in-Charge shall have the right to get this work done at the cost of the contractor either departmentally or through any other agency. Before taking such action, the Engineer-in-Charge shall give ten days notice in writing to the contractor.

CLAUSE 8 B

Completion Plans to be Submitted by the Contractor

The contractor shall submit completion plan as required vide General Specifications for Electrical works (Part-I internal) 1972 and (Part-II External) 1974 as applicable within thirty days of the completion of the work.

In case, the contractor fails to submit the completion plan as aforesaid, he shall be liable to pay a sum equivalent to 2.5% of the value of the work subject to a ceiling of Rs.15,000 (Rs. Fifteen thousand only) as may be fixed by the Superintending Engineer concerned and in this respect the decision of the Superintending Engineer shall be final and binding on the contractor.

CLAUSE 9

Payment of Final Bill

The final bill shall be submitted by the contractor in the same manner as specified in interim bills within three months of physical completion of the work or within one month of the date of the final certificate of completion furnished by the Engineer-in-Charge whichever is earlier. No further claims shall be made by the contractor after submission of the final bill and these shall be deemed to have been waived and extinguished. Payments of those items of the bill in respect of which there is no dispute and of items in dispute, for quantities and rates as approved by Engineer-in-Charge, will, as far as possible be made within the period specified hereinunder, the period being reckoned from the date of receipt of the bill by the Engineer-in-Charge or his authorised Asstt. Engineer, complete with account of materials issued by the Department and dismantled materials.

i) If the Tendered value of work is upto Rs.5 lakhs. : 3 months

ii) If the Tendered value of work exceeds Rs.5 lakhs : 6 months

होने का अस्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, किन्तु जब तक ठेकेदार उस परिसर से, जिस पर कार्य निष्पादित किया गया है, सब पाड़, बचा हुआ सामान, कूड़ा–करकट और सभी झोपड़ियां तथा सफाई व्यवस्थाएं, जो ठेकेदार (रों) कर्मकारों के लिए स्थल पर कार्य के निष्पादन के सम्बन्ध में अपेक्षित हों और उसके/उनके द्वारा परिनिर्मित या सन्निर्मित हों, हटा न दे और जब तक सभी काष्ठ की चीजों, दरवाजों, खिड़कियों, दीवारों, फर्शों या भवन के, जिसमें, जिस पर या जिसके निकट कार्य निष्पादित किया जाना है, या जिसके निष्पादन के प्रयोजन के लिए वह उनके कब्जे में रहा हो, अन्य भागों से गन्दगी साफ न कर दे और जब तक भारसाधक इन्जीनियर द्वारा कार्य की माप न करली गई हो तब तक पूरा होने का, अन्तिम प्रमाण–पत्र न तो जारी किया जाएगा और न कार्य ही पूरा हुआ माना जाएगा। यदि ठेकेदार कार्य के पूरा करने के लिए नियत तारीख को या उससे पूर्व यथापूर्वोक्त पाड़ तथा बचे हुए सामान और कूड़ा–करकट और सभी झोपड़ियों तथा सफाई व्यवस्था को हटाने के और गन्दगी साफ करने के सम्बन्ध में इस खण्ड की अपेक्षाओं का अनुपालन करने में विफल रहेगा तो भारसाधक इन्जीनियर ठेकेदार के व्यय पर ऐसे पाड़, बचे हुए सामान और कूड़ा–करकट आदि हटा सकेगा और जिस प्रकार वह उचित समझे उसका निपटान कर सकेगा और ऐसी गन्दगी की सफाई कर सकेगा और ठेकेदार का, यथापूर्वोक्त, ऐसे पाड़, बचे हुए सामान के बारे में, उसकी बिक्री द्वारा वस्तुतः प्राप्त किसी राशि के सिवाय कोई दावा नहीं होगा।

खण्ड 8 क

ठेकेदार कार्यस्थल स्वच्छ रखेगा

जब वार्षिक मरम्मत और अनुरक्षण कार्य पूरा हो जाए तब दीवारों, फर्शों, खिड़कियों आदि पर गिरी हुई सफेदी, रंग, रोगन आदि और उसके छींटो को हटाया जाएगा तथा ठेके के कार्य की अन्य सभी मदों का वास्तव में समापन किए जाने की प्रतीक्षा किए बिना, अलग–अलग कमरों, क्वार्टरों अथवा परिसरों आदि में, जहां उक्त कार्य किया गया है, कार्य की इन मदों को पूरा करने के साथ–साथ सतह साफ की जाएगी। यदि ठेकेदार इस खण्ड की अपेक्षाओं का अनुपालन करने में विफल रहेगा तो भारसाधक इन्जीनियर को यह अधिकार होगा कि ठेकेदार के व्यय पर विभाग अथवा किसी भी अन्य अभिकरण के माध्यम से उस कार्य को करा ले। भारसाधक इन्जीनियर ऐसी कार्यवाही करने से पूर्व ठेकेदार को दस दिन की लिखित सूचना देगा।

खण्ड 8 ख

ठेकेदार समापन तलचित्र प्रस्तुत करेगा

ठेकेदार विद्युत कार्यों के सामान्य विनिर्देश (भाग –1 आन्तरिक) 1972 तथा (भाग 2 बाह्य) 1974 में सूचित अनुसार कार्य समापन के तीस दिन के भीतर समापन तलचित्र प्रस्तुत करेगा।

पूर्वोक्त समापन तलचित्र को यदि ठेकेदार प्रस्तुत न करे, तो वह काम के मूल्य के 2.5 प्रतिशत लेकिन रु 15000 (पन्द्रह हजार मात्र) तक की रकम के भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा जोकि सम्बन्धित अधीक्षण इन्जीनियर द्वारा निर्धारित किया जाएगा और इस विषय में अधीक्षण इन्जीनियर का निर्णय अन्तिम माना जाएगा और ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

खण्ड 9

अंतिम बिल का भुगतान

ठेकेदार द्वारा अंतरिम बिलों में निर्दिष्ट अनुसार, कार्य के भौतिक समापन के तीन माह के भीतर या भारसाधक इन्जीनियर द्वारा दिए गए कार्य समापन के अंतिम प्रमाण पत्र की तारीख के एक माह के भीतर, जो भी पहले हो, अंतिम बिल प्रस्तुत किया जाएगा। अंतिम बिल प्रस्तुत करने के बाद ठेकेदार कोई और दावा प्रस्तुत नहीं करेगा और सब दावों को निरस्त या समाप्त माना जाएगा। बिल की जिन मदों के संबंध में कोई विवाद नहीं है और जो मदें विवादित हैं, भारसाधक इंजीनियर द्वारा अनुमोदित मात्राओं और दरों के अनुसार, उनका भुगतान जहां तक संभव हो, यहां नीचे निर्धारित अवधि में कर दिया जाएगा। विभाग से जारी की गई सामाग्रियों और तोड़ फोड़ से प्राप्त सामग्रियों के लेखा सहित भारसाधक इंजीनियर या उसके प्राधिकृत सहायक इंजीनियर द्वारा बिल की प्राप्ति की तारीख से उक्त अवधि की गणना की जाएगी

i) यदि कार्य का निविदित्त मूल्य रु. 5 लाख तक है : 3 माह

ii) यदि कार्य का निविदित्त मूल्य रु. 5 लाख से अधिक है : 6 माह

CLAUSE 9 A

Payment of Contractor's Bills to Banks

Payments due to the contractor may, if so desired by him, be made to his bank, registered financial, co-operative or thrift societies or recognised financial institutions instead of direct to him provided that the contractor furnishes to the Engineer-in-Charge (1) an authorisation in the form of a legally valid document such as a power of attorney conferring authority on the bank; registered financial, co-operative or thrift societies or recognised financial institutions to receive payments and (2) his own acceptance of the correctness of the amount made out as being due to him by Government or his signature on the bill or other claim preferred against Government before settlement by the Engineer-in-Charge of the account or claim by payment to the bank, registered financial, co-operative or thrift societies or recognised financial institutions. While the receipt given by such banks; registered financial, co-operative or thrift societies or recognised financial institutions shall constitute a full and sufficient discharge for the payment, the contractor shall whenever possible present his bills duly receipted and discharged through his bank, registered financial, co-operative or thrift societies or recognised financial institutions.

Nothing herein contained shall operate to create in favour of the bank; registered financial, co-operative or thrift societies or recognised financial institutions any rights or equities vis-a-vis the President of India.

CLAUSE 10

Materials supplied by Government

Materials which Government will supply are shown in Schedule 'B' which also stipulates quantum, place of issue and rate(s) to be charged in respect thereof. The contractor shall be bound to procure them from the Engineer-in-Charge.

As soon as the work is awarded, the contractor shall finalise the programme for the completion of work as per clause 5 of this contract and shall give his estimates of materials required on the basis of drawings/or schedule of quantities of the work. The Contractor shall give in writing his requirement to the Engineer-in-Charge which shall be issued to him keeping in view the progress of work as assessed by the Engineer-in-Charge, in accordance with the agreed phased programme of work indicating monthly requirements of various materials. The contractor shall place his indent in writing for issue of such materials at least 7 days in advance of his requirement.

Such materials shall be supplied for the purpose of the contract only and the value of the materials so supplied at the rates specified in the aforesaid schedule shall be set off or deducted, as and when materials are consumed in items of work (including normal wastage) for which payment is being made to the contractor, from any sum then due or which may therefore become due to the contractor under the contract or otherwise or from the security deposit. At the time of submission of bills, the contractor shall certify that balance of materials supplied is available at site in original good condition.

The contractor shall submit alongwith every running bill (on account or interim bill) material-wise reconciliation statements supported by complete calculations reconciling total issue, total consumption and certified balance (diameter/section-wise in the case of steel) and resulting variations and reasons therefore. Engineer-in-Charge shall (whose decision shall be final and binding on the contractor) be within his rights to follow the procedure of recovery in clause 42 at any stage of the work if reconciliation is not found to be satisfactory.

The contractor shall bear the cost of getting the material issued, loading, transporting to site, unloading, storing under cover as required, cutting assembling and joining the several parts together as necessary. Not withstanding anything to the contrary contained in any other clause of the contract and (or the CPWA Code) all stores/materials so supplied to the contractor or procured with the assistance of the Government shall remain the absolute

खण्ड 9 क

ठेकेदार के बिलों का बैंकों में भुगतान

ठेकेदार को देय भुगतान, यदि वह चाहे, तो सीधे उसको किए जाने की बजाय उसके बैंक, पंजीकृत वित्तीय, सहकारी अथवा थ्रिफ्ट सोसायटी अथवा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थानों को किए जा सकते हैं बशर्ते ठेकेदार, प्रभारी इन्जीनियर को (1) मुख्तारनामा जैसा विधि मान्य दस्तावेज जिसमें बैंक, पंजीकृत वित्तीय, सहकारी अथवा थ्रिफ्ट सोसायटी अथवा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थानको भुगतान प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किया गया हो और (2) उस राशि की सत्यता के बारे में अपनी स्वीकृति दे जो सरकार से उसको मिलने वाली राशि बताई गई है अथवा प्रभारी इन्जीनियर द्वारा लेखे या दावे के बैंक, पंजीकृत वित्तीय, सहकारी अथवा थ्रिफ्ट सोसायटी अथवा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान को संदाय करके निपटाए जाने से पहले सरकार को प्रस्तुत बिल या अन्य दावे पर अपने हस्ताक्षर दिखाए। यद्यपि ऐसे बैंक, पंजीकृत वित्तीय, सहकारी अथवा थ्रिफ्ट सोसायटी अथवा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान द्वारा दी गई अभिस्वीकृति संदाय के लिए पूर्ण और पर्याप्त प्रमाण होगी तथापि ठेकेदार को, जहां तक संभव हो, विधिवत रूप से पावतीयुक्त और उन्मोचित बिल अपने बैंक, पंजीकृत वित्तीय, सहकारी अथवा थ्रिफ्ट सोसायटी अथवा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान की मार्फत प्रस्तुत करना होगा।

इसमें सम्मिलित कोई बात भारत के राष्ट्रपति बनाम बैंक, पंजीकृत वित्तीय, सहकारी अथवा थ्रिफ्ट सोसायटी अथवा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान के पक्ष में कोई अधिकार या साम्या सूचित नहीं करेगी।

खण्ड 10

सरकार द्वारा दी गई सामग्रियां

जो सामग्रियां सरकार प्रदाय करेगी उन्हें अनुसूची (ख) में दिया गया है जिसमें मात्रा, जारी करने का स्थान और उनके लिए वसूली जाने वाली दरें (दरों) अनुबद्ध हैं। ठेकेदार उन्हें भारसाधक इंजीनियर से प्राप्त करने के लिए बाध्य है।

जैसे ही कार्य प्रदान किया जाता है ठेकेदार इस ठेके के खण्ड 5 के अनुसार कार्य पूरा करने के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप देगा और कार्य के नक्शों/या मात्राओं की अनुसची के आधार पर अपेक्षित सामग्रियों का प्राक्कलन प्रस्तुत करेगा। ठेकेदार अपनी आवश्यकताएं लिखित रूप में भारसाधक इंजीनियर को देगा जो उसे विभिन्न सामाग्रियों की मासिक आवश्यकताओं के उल्लेख वाले कार्य के पहले से तय किए गए चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार, भारसाधक इंजीनियर द्वारा आकलित कार्य की प्रगति को ध्यान में रखते हुई जारी की जाएंगी। ठेकेदार सामग्रियां जारी करने के लिए अपनी आवश्यक्ता के कम से कम सात दिन पहले लिखित मांगपत्र प्रस्तुत करेगा।

ऐसी सामग्रियां केवल ठेके के प्रयोजन के लिए दी जाएंगी और पूर्वोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट दरों पर इस प्रकार दी गई सामग्रियों का मूल्य, जब कभी ये सामग्रियां कार्य की ऐसी मदों (सामान्य टूट–फूट सहित) में प्रयुक्त हों जिनके लिए ठेकेदार को भुगतान किया जा रहा हो, उसे देय किसी भी राशि से या जो ठेके के तहत ठेकेदार को देय होगी या अन्यथा या प्रतिभूति निक्षेप में से मुजरा या काट लिया जाएगा। बिल प्रस्तुत करते समय ठेकेदार यह प्रमाणित करेगा कि दी गई शेष सामग्रियां कार्यस्थल पर मूल रूप एवं अच्छी दशा में उपलब्ध हैं।

ठेकेदार प्रत्येक चल बिल (लेखा या अंतरिम बिल में) के साथ सामग्रीवार समाधान विवरणी प्रस्तुत करेगा उसके पक्ष में कुल निर्गत, कुल खपत का समाधान करके पूरी गणना और प्रमाणित शेष (इस्पात के मामले में व्यास/काट वार) और इसमें घट–बढ़ और उनके कारण भी देगा। भारसाधक इंजीनियर को यह अधिकार होगा कि वह कार्य के किसी भी स्तर पर खण्ड 42 में दी वसूली की प्रक्रिया अपना सकता है यदि समाधान संतोषजनक नहीं पाया जाता है।

निर्गत सामग्री की लदाई, कार्यस्थल तक ले जाने, उतारने, अपेक्षानुसार ढककर भंडार करने, काटने, संयोजन और आवश्यकतानुसार अनेक भागों को जोड़ने की लागत ठेकेदार वहन करेगा। ठेके और (या के लो नि ले संहिता) के किसी भी खण्ड में निहित किसी बात के अन्यथा होते हुए भी, ठेकेदार को इस प्रकार प्रदाय किया गया अथवा सरकार की सहायता से प्राप्त किया गया सारा भंडार/सामग्रियां पूर्णतः सरकार की संपत्ति बनी रहेगी और

property of Government and the contractor shall be the trustee of the stores/materials, and the said stores/materials shall not be removed/disposed off from the site of the work on any account and shall be at all times open to inspection by the Engineer-in-Charge or his authorised agent. Any such stores/materials remaining unused shall be returned to the Engineer-in-Charge in as good a condition in which they were originally supplied at a place directed by him, at a place of issue or any other place specified by him as he shall require, but in case it is decided not to take back the stores/materials the contractor shall have no claim for compensation on any account of such stores/materials so supplied to him as aforesaid and not used by him or for any wastage in or damage to in such stores/materials.

On being required to return the stores/materials, the contractor shall hand over the stores/materials on being paid or credited such price as the Engineer-in-Charge shall determine, having due regard to the condition of the stores/materials. The price allowed for credit to the contractor, however, shall be at the prevailing market rate not exceeding the amount charged to him, excluding the storage charge, if any. The decision of the Engineer-in-Charge shall be final and conclusive. In the event of breach of the aforesaid condition, the contractor shall in addition to throwing himself open to account for contravention of the terms of the licences or permit and/or for criminal breach of trust, be liable to Government for all advantages or profits resulting or which in the usual course would have resulted to him by reason of such breach. Provided that the contractor shall in no case be entitled to any compensation or damages on account of any delay in supply or non-supply thereof all or any such materials and stores provided further that the contractor shall be bound to execute the entire work if the materials are supplied by the Government within the original scheduled time for completion of the work plus 50% thereof or schedule time plus 6 months whichever is more if the time of completion of work exceeds 12 months, but if a part of the materials only has been supplied within the aforesaid period, then the contractor shall be bound to do so much of the work as may be possible with the materials and stores supplied in the aforesaid period. For the completion of the rest of the work, the contractor shall be entitled to such extension of time as may be determined by the Engineer-in-Charge whose decision in this regard shall be final and binding on the contractor.

The contractor shall see that only the required quantities of materials are got issued. Any such material remaining unused and in perfectly good/original condition at the time of completion or determination of the contract shall be returned to the Engineer-in-Charge at the stores from which it was issued or at a place directed by him by a notice in writing. The contractor shall not be entitled for loading, transporting, unloading and stacking of such unused material except for the extra lead, if any involved, beyond the original place of issue.

CLAUSE 10 A

Materials to be provided by the Contractor

The contractor shall, at his own expense, provide all materials, required for the works other than those which are stipulated to be supplied by the Government.

5. Safe means of access shall be provided to all working platforms and other working places. Every ladder shall be securely fixed. No portable single ladder shall be over 9m. (30ft.) in length while the width between side rails in rung ladder shall in no case be less than 29 cm. (11½") for ladder upto and including 3 m. (10 ft.) in length. For longer ladders, this width should be increased at least ¼" for each additional 30 cm. (1 foot) of length. Uniform step spacing of not more than 30 cm shall be kept. Adequate precautions shall be taken to prevent danger from electrical equipment. No materials on any of the sites or work shall be so stacked or placed as to cause danger or inconvenience to any person or the public. The contractor shall provide all necessary fencing and lights to protect the public from accident and shall be bound to bear the expenses of defence of every suit, action or other proceedings at law that may be brought by any person for injury sustained owing to neglect of the above precautions and to pay any damages and cost which may be awarded in any such suit, action or proceedings to any such person or which may, with the consent of the contractor, be paid to compensate any claim by any such person.

6. Excavation and Trenching - All trenches 1.2 m. (4ft.) or more in depth, shall at all times be supplied with at least one ladder for each 30 m. (100 ft.) in length or fraction thereof Ladder shall extend from bottom of the trench to at least 90 cm. (3ft.) above the surface of the ground. The side of the trenches which are 1.5 m. (5ft.) or more in depth shall be stepped back to give suitable slope or securely held by timber bracing, so as to avoid the danger of sides collapsing. The excavated materials shall not be placed within 1.5 m. (5ft.) of the edges of the trench or half of the depth of the trench whichever is more. Cutting shall be done from top to bottom. Under no circumstances undermining or undercutting shall be done.

के. लो. नि. वि. सुरक्षा संहिता

1. कर्मकारो के लिए ऐसे छोटी कालावधि वाले कार्यो को छोड़कर, जिनको सीढ़ियों से निरापद रूप से किया जा सकता हो, उन सभी कार्यो के लिए, जिनको जमीन से या ठोस–निर्माण से निरापद रूप से नहीं किया जा सकता हो, यथोचित पाड़ का उपबन्ध करना चाहिए। जब सीढ़ी का प्रयोग किया जाए तो सीढ़ी को पकड़ने के लिए अतिरिक्त मजदूर नियुक्त किया जाएगा और यदि सीढ़ी सामान ले जाने के लिए भी उपयोग में लाई जाए तो सीढ़ी पर यथोचित पायदानों और हाथ के लिए सहारों की व्यवस्था होगी और सीढ़ी की आनति 1 पर 1/4 के अनुपात (1/4 क्षेतिज और 1 उर्ध्वार्धद्ध से अधिक ढालू न होगी।

2. भूमि या फर्श से 3.6 मीटर (12 फुट) से अधिक ऊँची पाड़ या मंच पर जो उर्ध्वस्थ आधार से झूलता हुआ या लटकता हुआ हो, या स्थिर आधार से खड़ा किया गया हो, समुचित रूप से सम्ब , वोल्टयुक्त, कसी हुई और अन्यथा मजबूती से बंधी हुई बचाव रोक होगी, जो ऐसे पाढ़ या मंच के फर्श या प्लेटफार्म से कम से कम 90 से.मी. (3 फुट) ऊँची होगी और उसके बाहर और सिरों पर सम्पूर्ण लम्बाई पर लगी होगी और जिसमें ऐसे द्वार होगे जो सामग्री के परिवहन के लिए आवश्यक हो, ऐसे पाड़ या मंच को ऐसे बाँधा जायेगा कि वह भवन या संरचना से झूले नहीं।

3. कार्य–प्लेटफार्मो, गलियारों और जीनों को ऐसे सन्निर्मित किया जाना चाहिए कि उन पर अनावश्यक या असमान रूप से झोल न पड़े और यदि प्लेटफार्म, गलियारा या जीना, भूमि या फर्श स्तर से 3.6 मीटर (12 फुट) से अधिक ऊंचा हो तो उसमें तख्ते पास पास लगे होने चाहिए, उसकी पर्याप्त चौड़ाई होनी चाहिए, और उसको ऊपर पैरा (2) में वर्णित यथोचित रूप से बाँधा जाना चाहिए।

4. भवन या कार्य–प्लेटफार्म में हर द्वार को व्यक्तियों या सामग्री को गिरने से बचाने के लिए यथोचित बाड़ या जंगले द्वारा, जिसकी न्यूनतम ऊंचाई 90 से.मी. (3 फुट) होगी यथोचित रूप से घिरा होना चाहिए।

5. सभी कार्य–प्लेटफार्मो और अन्य कार्य–स्थानों तक पहुंचने के लिए निरापद साधनों का उपबंध होगा। हर सीढ़ी मजबूती से लगी होनी चाहिए। कोई भी सुवाह्य अकेली सीढ़ी लम्बाई में 9 मीटर (30 फुट) से अधिक न होगी जब कि डण्डे वाली सीढ़ी में खड़ी रेलों के बीच चौड़ाइ 3 मीटर (10 फुट) तक लम्बी सीढ़ी में किसी भी दशा में 29 से.मी. (11 1/2'') से कम न होगी। अधिक लम्बी सीढ़ियों में इस चौड़ाई में लम्बाई के हर एक अतिरिक्त 30 से.मी. (1 फुट) के 1/4'' वृद्धि होनी चाहिए। इकसार पैड़ियों के मध्य जगह 30 से.मी. (12 इंच) से अधिक न होगी। विद्युत उपस्कर से होने वाले खतरे के निवारण के लिए यथायोग्य पूर्वावधानियां रखी जाएगी। किसी भी कार्यस्थल पर कोई भी सामग्री इस प्रकार नहीं जमा की या रखी जाएगी कि वह किसी व्यक्ति या जनता के लिए खतरा या असुविधा उत्पन्न करे। जनता को दुर्घटनओं से बचाने के लिए ठेकेदार सभी आवश्यक बाड़ों और प्रकाश की व्यवस्था करेगा। और उक्त पूर्वावधानियों की उपेक्षा के कारण हुई क्षति के लिए किन्हीं व्यक्तियों द्वारा विधि के अधीन लाए गए हर वाद, अनुयोग या अन्य कार्यवहियों में प्रतिरक्षा के व्ययों का भार उठाने के लिए और ऐसी किसी नुकसानी या खर्चो का संदाय करने के लिए आब होगा जो ऐसे किन्ही व्यक्तियों को ऐसे किसी वाद अनुयोग या कार्यवाही मे अधिनिर्णीत किया जाए या जो, ठेकेदार की सहमति से, ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा किए गए ऐसे किसी दावे में समझोता करने के लिए संदत्त किया जाए।

6. उत्खनन और खाई खोदना– 1.2 मीटर (4 फुट) या अधिक गहरी सभी खाईयों के लिए सभी समयों पर लम्बाई के हर एक 30 मीटर (100 फुट) या उसके किसी भाग के लिए कम से कम एक सीढ़ी प्रदाय की जाएगी। सीढ़ी खाई की तली से लेकर भूमि की सतह से कम से कम 90 से.मी. (3 फुट) ऊपर तक की होगी। 1.5 मीटर (5 फुट) या अधिक गहरी खाईयों की दीवारें यथोचित ढलान देने के लिए समतल (पक्की) होंगी या उन पर काष्ठ के तख्तो की मजबूत रोक लगी होगी ताकि दीवारों के ढहने का खतरा न रहे। खोदी गई सामग्री खाई के किनारों से 1.5 मीटर (5 फुट) के भीतर या खाई की गहराई के आधे के बराबर दूरी के भीतर, उनमें जो भी अधिक हो, नही रखी जाएगी। कटाई शीर्ष से तली तक की जाएगी। किन्हीं भी परिस्थितियों में तलोच्छेदन या कम कटाई न की जाएगी।

7. Demolition - Before any demolition work is commenced and also during the progress of the work,

i) All roads and open areas adjacent to the work site shall either be closed or suitably protected

ii) No electric cable or apparatus which is liable to be a source of danger or a cable or apparatus used by the operator shall remain electrically charged.

iii) All practical steps shall be taken to prevent danger to persons employed from risk of fire or explosion or flooding. No floor, roof or other part of the building shall be so overloaded with debris or materials as to render it unsafe.

8. All necessary personal safety equipment as considered adequate by the Engineer-in-Charge should be kept available for the use of the person employed on the site and maintained in a condition suitable for immediate use, and the contractor should take adequate steps to ensure proper use of equipment by those concerned:- The following safety equipment shall invariably be provided.

i) Workers employed on mixing asphaltic materials, cement and lime mortars shall be provided with protective footwear and protective goggles.

ii) Those engaged in white washing and mixing or stacking of cement bags or any material which is injurious to the eyes, shall be provided with protective goggles.

iii) Those engaged in welding works shall be provided with welder's protective eye-shields.

iv) Stone breaker shall be provided with protective goggles and protective clothing and seated at sufficiently safe intervals.

v) When workers are employed in sewers and manholes, which are in active use, the contractors shall ensure that the manhole covers are opened and ventilated atleast for an hour before the workers are allowed to get into the manholes, and the manholes so opened shall be cordoned off with suitable railing and provided with warning signals or boards to prevent accident to the public. In addition, the contractor shall ensure that the following safety measure are adhered to :-

a) Entry for workers into the line shall not be allowed except under supervision of the JE or any other higher officer.

b) At least 5 to 6 manholes upstream and downstream should be kept open for at least 2 to 3 hours before any man is allowed to enter into the manhole for working inside.

c) Before entry presence of Toxic gases should be tested by inserting wet lead acetate paper which changes colour in the presence of such gases and gives indication of their presence.

d) Presence of Oxygen should be verified by lowering a detector lamp into the manhole. In case, no Oxygen is found inside the sewer line, workers should be sent only with Oxygen kit.

e) Safety belt with rope should be provided to the workers. While working inside the manholes such rope should be handled by two men standing outside to enable him to be pulled out during emergency.

7. ढाना– ढाने का कोई कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व और कार्य की प्रक्रिया के दौरान भी –

i) कार्यस्थल के पार्श्वस्थ सभी सड़के और खुले क्षेत्र या तो बंद कर दिए जाएंगे या उनमें बचाव की उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

ii) ऐसा कोई भी विद्युत केबिल या साधित्र जिससे खतरा उत्पन्न हो सकता हो या आपरेटर द्वारा प्रयुक्त होने वाला केबिल या साधित्र विद्युत आवेशित नहीं होगा।

iii) नियोजित व्यक्तियों को अग्नि या विस्फोट या बाढ़ के खतरे से बचाने के लिए सभी व्यावहारिक कदम उठाए जायेगे। भवन के किसी भी फर्श, छत या भाग, को मलबे या सामग्री से इतना अतिभारित न किया जायेगा कि वह असुरक्षित हो जाए।

8. कार्यस्थल पर नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए ऐसे सभी आवश्यक वैयक्तिक सुरक्षा उपस्कर उपलब्ध रखे जाने चाहिए जो भारसाधक इन्जीनियर पर्याप्त समझे और उनको ऐसी हालत में अनुरक्षित रखा जाना चाहिए कि वे तुरन्त उपयोग के लिए उपयुक्त हो, तथा ठेकेदार संबंधित व्यक्तियों द्वारा उनके समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए यथायोग्य कदम उठाएगा।

i) ऐसफाल्टिक सामग्री, सीमेंट और चूने का मसाला मिलाने के लिए नियोजित कर्मकारों को बचाव जूते और बचाव–चश्में दिए जाएंगे।

ii) सफेदी करने और सीमेंट के बोरों को या ऐसा सामग्री को, जो आँखों के लिए हानिकर हो, मिलाने के लिए या उनके ढेर लगाने के काम में नियोजित व्यक्तियों को बचाव–चश्में दिए जाएंगे।

iii) झलाई कार्य में नियोजित व्यक्तियों को झलाईगरों की आंखों की रोशनी के बचाव के लिए काम में आने वाले ढक्कन दिए जाएगे।

iv) पत्थर तोड़ने वालों के लिए बचाव–चश्मे और बचाव–वस्त्रों और पर्याप्त रूप से सुरक्षित दूरी पर बैठाने की व्यवस्था होगी।

v) जब कर्मकार ऐसी मल–नालियों और मैन–होलों में नियोजित किए जाएँ जो काम में लाए जा रहे हों, तब ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि मैन–होलों में कर्मकारों के प्रवेश करने के कम से कम एक घंटे पूर्व उनके ढक्कन खोल दिए जाएँ और उन्हें संवातित कर दिया जाए तथा ऐसे खोले गए मैन–होलों को, जनता को खतरे से बचाने के लिए यथोचित जंगलों से घेर दिया जाना चाहिए और उन पर चेतावनी सिग्नल या बोर्ड लगा दिए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि निम्नलिखित सुरक्षा उपायों का अनुपालन किया जाता है।

क) लाइन में कर्मचारियों का प्रवेश कनिष्ट इंजीनियर तथा किसी अन्य उच्च अधिकारी के पर्यवेक्षाधीन के अलावा अनुमेय नहीं किया जाए।

ख) सिरे के साथ नीचे के कम–से–कम 5 से 6 तक मेनहोल किसी कर्मचारी को भीतर काम करने के लिए मेनहोल में प्रवेश की अनुमति देने से पहले कम से कम 2 से 3 घण्टे तक खुले रखे जाएं।

ग) प्रवेश से पहले भीगा लैडएसीटेट पेपर डालकर विषैली गैसो की उपस्थिति की जाँच की जाए जो ऐसी गैसों की उपस्थिति से रंग परिवर्तन कर लेता है, तथा उनकी उपस्थित को सूचित कर देता है।

घ) मेनहोल में अन्वेषी लैम्प डालकर आक्सीजन की विद्यमानता का सत्यापन कर लिया जाए। यदि सीवर लाइन के भीतर आक्सीजन नहीं पाया जाता है तो कर्मचारियों को आक्सीजन किट सहित भेजा जाए।

ङ) कर्मचारियों को रज्जु सहित सुरक्षा पेटी मुहैया की जाये। मेनहोल के भीतर काम करते समय ऐसी रज्जु बाहर खड़े दो व्यक्ति पकड़े रहे ताकि आपातकाल के दौरान उसे खीचा जा सके।

f) The area should be barricaded or cordoned of by suitable means to avoid mishaps of any kind. Proper warning signs should be displayed for the safety of the public whenever cleaning works are undertaken during night or day.

g) No smoking or open flames shall be allowed near the blocked manhole being cleaned.

h) The malba obtained on account of cleaning of blocked manholes and sewer lines should be immediately removed to avoid accidents on account of slippery nature of the malba.

i) Workers should not be allowed to work inside the manhole continuously. He should be given rest intermittently. The Engineer-in-Charge may decide the time up to which a worker may be allowed to work continuously inside the manhole.

j) Gas masks with Oxygen Cylinder should be kept at site for use in emergency.

k) Air-blowers should be used for flow of fresh air through the manholes. Whenever called for portable air blowers are recommended for ventilating the manholes. The Motors for these shall be vapour proof and of totally enclosed type. Non sparking gas engines also could be used but they should be placed at least 2 metres away from the opening and on the leeward side protected from wind so that they will not be a source of friction on any inflammable gas that might be present.

l) The workers engaged for cleaning the manholes/sewers should be properly trained before allowing to work in the manhole.

m) The workers shall be provided with Gumboots or non sparking shoes bump helmets and gloves non sparking tools safety lights and gas masks and portable air blowers (when necessary). They must be supplied with barrier cream for anointing the limbs before working inside the sewer lines.

n) Workmen descending a manhole shall try each ladder stop or rung carefully before putting his full weight on it to guard against insecure fastening due to corrosion of the rung fixed to manhole well.

o) If a man has received a physical injury, he should be brought out of the sewer immediately and adequate medical aid should be provided to him.

p) The extent to which these precautions are to be taken depend on individual situation but the decision of the Engineer-in-Charge regarding the steps to be taken in this regard in an individual case will be final.

vi) The Contractor shall not employ men and women below the age of 18 years on the work of painting with products containing lead in any form. Wherever men above the age of 18 are employed on the work of lead painting, the following precaution should be taken:-

a) No paint containing lead or lead products shall be used except in the form of paste or ready made paint.

b) Suitable face masks should be supplied for use by the workers when paint is applied in the form of spray or a surface having lead paint is dry rubbed and scraped.

च) उपयुक्त माध्यमों द्वारा क्षेत्र को घेर दिया जाए अथवा रस्सी का बाड़ा बना दिया जाय ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को दूर किया जा सके। रात्रि अथवा दिन के दौरान जब भी सफाई कार्य किए जाएं, उचित चेतावनी संकेत जनता की सुरक्षा हेतु प्रदर्शित किए जाएं।

छ) सफाई किए जा रहे बन्द मेनहोल के पास धूम्रपान अथवा अग्नि जलाना अनुमेय न किया जाए।

ज) बन्द मेनहोल अथवा सीवर लाइन की सफाई के कारण प्राप्त मलबे को मलबे की फिसलन के कारण दुर्धटना रोकने के लिए तुरन्त ही हटा दिया जाए।

झ) कर्मचारियों को मेनहोल के भीतर लगातार काम करने की अनुमति न दी जाए। उसे अन्तरायिक रूप से विश्राम दिया जाये। प्रभारी इंजीनियर वह समय नियत करे जिस तक कि किसी कर्मचारी को मेनहोल के भीतर लगातार काम करने के लिए अनुमेय दिया जाए।

ञ) आपातकाल मे प्रयोग में लाने के लिए स्थल पर आक्सीजन सिलेण्डरों सहित गैस मास्क रखे जाएं।

ट) मेनहोल में शुद्ध वायु प्रवाह हेतु जब भी अपेक्षित हो, वायु प्रवाहक उपयोग में लाए जाएं। मेनहोले के वातायनन हेतु सुवहनन वायु प्रवाहकों की सिफारिश की जाती है। इनकी मोटरें वाष्परोधी होनी चाहिए तथा पूर्णतया बन्द होनी चाहिए। चिंगारी विहीन गैस इंजिन भी उपयोग में लाए जा सकते हैं परन्तु वे मुहाने से कम से कम 2 मीटर दूर रखे जाने चाहिए तथा निचली तरफ वायु से सुरक्षित हो ताकि वे विद्यमान किसी भी ज्वलनशील गैस के घर्षण का सोत्र न बन सके।

ठ) मेनहोल/सीवरों की सफाई के लिए लगाए गए कर्मचारी मेनहोल में काम करने की अनुमति दिए जाने से पहले उचित रूप से प्रशिक्षित किए जाएं।

ड) कर्मचारियों को गमबूट अथवा अग्निरोधी जूते, लैम्प, हैल्मेट तथा दस्ताने अग्निरोधी औजार सुरक्षा लाइट एवं गैस मास्क तथा सुवाहन वायु प्रवाहक (जब कभी आवश्यक हो) मुहैया किए जाए। सीवर लाइनों के भीतर काम करने से पहले उन्हे अवयवों पर लगाने के लिए बैरीयर क्रीम दी जानी चाहिए।

ढ) मेनहोल के नीचे उतरते हुए कर्मचारी को सीढ़ी के प्रत्येक डण्डे की सावधानीपूर्वक अपना पूरा वज़न रखने से पहले जाँच कर लेनी चाहिए ताकि मेनहोल भित्ति में लगे डण्डे के जंग के कारण असुरक्षित फिसलन से बचा जा सके।

ण) यदि किसी व्यक्ति को शारीरिक चोट लगी हो तो उसे सीवर से तुरन्त ही बाहर निकाला जाए तथा उसे पर्याप्त चिकित्सा सहायता मुहैया की जाए।

त) एहतियातें किस सीमा तक बर्ती जाएं पृथक पृथक परिस्थिति पर निर्भर करता है परन्तु प्रभारी इंजिनियर का किसी विशेष मामले मे इस विषय में किए जाने वाले उपायो के बारे में निर्णय अन्तिम होगा।

vi) ठेकेदार 18 वर्ष से कम आयु वाले पुरुषों और स्त्रियों को ऐसे उत्पादों द्वारा रंगने के कार्य पर, जिनमें किसी भी रूप में सीसा अन्तार्विष्ट हो, नियोजित नहीं करेगा। जहाँ कहीं 18 वर्ष से अधिक की आयु वाले व्यक्ति सीसा द्वारा रंगने के कार्य पर नियोजित किए जाएं वहाँ निम्नलिखित पूर्वावधानियां रखी जायेंगी:

क) सीसा या सीसा उत्पादों को अन्तर्विष्ट करने वाला कोई भी पेन्ट जब तक कि, पेस्ट या तैयार पेन्ट के रूप में न हो उपयोग में नहीं लाया जाएगा।

ख) जब पेन्ट फुहार द्वारा या ऐसी जगह पर किया जाना हो जिस पर से सीसे का पेन्ट शुष्क रगड़ा या खुरचा गया हो, कर्मकारों के उपयोग के लिए यथोचित मुखपट का प्रदाय किया जाना चाहिए।

c) Overalls shall be supplied by the contractors to the workmen and adequate facilities shall be provided to enable the working painters to wash during and on the cessation of work.

9 An additional clause (viii)(i) of Central Public Works Department Safety Code (iv) the Contractor shall not employ women and men below the age of 18 on the work of painting with product containing lead in any form. wherever men above the age of 18 are employed on the work of lead painting, the following principles must be observed for such use :

(i) White lead, sulphate of lead or product containing these pigment, shall not be used in painting operation except in the form of pastes or paint ready for use.

ii) Measures shall be taken, wherever required in order to prevent danger arising from the application of a paint in the form of spray.

iii) Measures shall be taken, wherever practicable, to prevent danger arising out of from dust caused by dry rubbing down and scraping.

iv) Adequate facilities shall be provided to enable working painters to wash during and on cessation of work.

v) Overall shall be worn by working painters during the whole of working period.

vi) Suitable arrangement shall be made to prevent clothing put off during working hours being spoiled by painting materials.

vii) Cases of lead poisoning and suspected lead poisoning shall be notified and shall be subsequently verified by medical man appointed by competent authority of C.P.W.D./ PWD (DA)

viii) C.P.W.D./PWD (DA) may require, when necessary medical examination of workers.

ix) Instructions with regard to special hygienic precautions to be taken in the painting trade shall be distributed to working painters.

10. When the work is done near any place where there is risk of drowning, all necessary equipments should be provided and kept ready for use and all necessary steps taken for prompt rescue of any person in danger and adequate provision, should be made for prompt first aid treatment of all injuries likely to be obtained during the course of the work.

11. Use of hoisting machines and tackle including their attachments, anchorage and supports shall conform to the following standards or conditions :-

i) (a) These shall be of good mechanical construction, sound materials and adequate strength and free from patent defects and shall be kept repaired and in good working order.

(b) Every rope used in hoisting or lowering materials or as a means of suspension shall be of durable quality and adequate strength, and free from patent defects.

ii) Every crane driver or hoisting appliance operator, shall be properly qualified and no person under the age of 21 years should be in charge of any hoisting machine including any scaffolding winch or give signals to operator.

iii) In case of every hoisting machine and of every chain ring hook, shackle swivel and pulley block used in hoisting or as means of suspension, the safe working load shall be ascertained by adequate means. Every hoisting machine and all gear referred to above shall be plainly marked with the safe working load. In case of a hoisting machine

ग) ऊपर पहने जाने वाले वस्त्र ठेकेदार द्वारा कर्मकारो को प्रदत्त किए जाएंगे और कार्य करने वाले पेंटरो के लिए ऐसी यथायोग्य सुविधाओ का उपबंध होना चाहिए कि वे उन वस्त्रों को कार्य बंद रहने के समय धो सके।

9. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग सुरक्षा संहिता (पअ) का अतिरिक्त खण्ड (अपप) (एक) ठेकेदार 18 वर्ष से कम आयु की स्त्रियों और पुरुष को ऐसे उत्पादों द्वारा रंगने के कार्य पर, जिनमें किसी भी रूप में सीमा अन्तर्विष्ट हो, नियोजित नहीं करेगा। जहाँ 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष सीसे द्वारा रंगने के कार्य पर नियोजित किए जाएँ ऐसे कार्य के लिए निम्नलिखित नियमों का अवश्य पालन किया जाए :

i) सफेद सीसा, सीसे का सल्फेट या इस रंजक वाले उत्पादन को रंगन काम में तैयार मिश्रण के रूप को छोड़कर अन्य रूपों में काम में नहीं लाना चाहिए।

ii) स्प्रे के रूप में रंग करने से उत्पन्न होने वाले खतरे से बचाने के लिए आवश्यक उपक्रम करना चाहिए।

iii) सूखा रगड़ने से जो धूल निकलती है, उससे बचाव के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए।

iv) रंग लगाने वालों को काम पूरा होने पर धोने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए।

v) रंगन करने वाले को काम करते समय ऊपरी कपड़ा पहने रहना चाहिए।

vi) कपड़ो को रंगन कार्य करते समय खराब हो जाने से बचाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए।

vii) सीसे द्वारा विषाक्त या इस प्रकार का सन्देह जहाँ हो ऐसे लोगों के विषाक्ता प्रमाणत और परिचर्या के लिए के. लो. नि. विभाग द्वारा नियुक्त अधिकृत वैधिकृत वैद्यकीय परीक्षक द्वारा परीक्षण होना चाहिए।

viii) के.ले.नि.विभाग जब जरूरी हो तब काम करने वालो के वैद्यकीय परीक्षण की माँग कर सकता है।

ix) रंगन काम में लगे कर्मचारियों को रंगन सम्बन्धी स्वास्थ्यात्मक पूर्वरक्षण सूचनाएं वितरित करनी चाहिए।

10. जब काम किसी ऐसे स्थान के पास किया जाना हो, जहाँ डूबने का जोखिम हो जो सभी आवश्यक उपस्करों का उपबंध होना चाहिए और उपयोग के लिए तैयार रहने चाहिए और खतरे में पड़े व्यक्ति के तत्पर बचाव के लिए सभी आवश्यक कार्यवाहियाँ की जानी चाहिए और कार्य के अनुक्रम मे उठाई जा सकने वाली संभाव्य सभी क्षतियों के तत्पर प्राथमिक उपचार के लिए यथायोग्य उपबंध किया जाना चाहिए।

11. होइस्टिंग मशीन और टैकाल, का, जिसके अंतर्गत उनकी संलग्न जकड़ और अवलम्ब भी आते हैं, का उपयोग निम्नलिखित मानक या शर्तों के अनुरूप होगा –

i) (क) यह अच्छी यांत्रिक सनिर्मित के, सुसामग्री युक्त और यथायोग्य दृढ़तावान और प्रत्यक्ष त्रुटियों से मुक्त होंगी और अच्छी तरह मरम्मतकी हुई तथा चालू हालत में रखी जाएंगी।

(ख) हर रस्सी, जिसको सामग्रियों को ऊपर उठाने या नीचे लाने या निलम्बन के उपयोग में लाया जाए मजबूत क्वालिटी और यथायोग्या दृढ़ता की तथा प्रत्यक्ष त्रुटियों से मुक्त होगी।

ii) हर क्रेन चालक या होईस्टिंग सापित्र आपरेटर समुचित रूप से अहिंत होगा और 21 वर्ष से कम आयु वाला कोई भी व्यक्ति किसी भी होइस्टिंग मशीन का, जिसके अंतर्गत पाड़ विंच आता हैं भार साघक न होगा नाही आपरेटर को सिग्नल देगा।

iii) हर होइस्टिंग मशीन और हर चैन रिंग हुक में ऊपर उठाने या नीचे लाने के लिए या निलम्बन के साधन स्वरूप उपयुक्त शैकल स्विवेल और पुली ब्लांक के सुरक्षित कार्यकरण वोझ को यथायोग्य साधनों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। ऊपर निर्दिष्ट होइस्टिंग मशीन पर और सभी गियरों पर सुरक्षित कार्यकरण बोझ साफ साफ चिन्हित होगा ऐसी होइस्टिंग मशीन की दशा में, जिसका सुरक्षित कार्यकरण बोझ परिवर्तनशील हो, हर एक सुरक्षित कार्यकरण बोझ, उन शर्तों सहित, जिनके अधीन वह लागू होता हो,

having a variable safe working load each safe working load and the condition under which it is applicable shall be clearly indicated. No part of any machine or any gear referred to above in this paragraph shall be loaded beyond the safe working load except for the purpose of testing.

iv) In case of departmental machines, the safe working load shall be notified by the Electrical Engineer-in-Charge. As regards contractor's machines the contractors shall notify the safe working load of the machine to the Engineer-in-Charge whenever he brings any machinery to site of work and get it verified by the Electrical Engineer concerned.

12. Motors, gearing, transmission, electric wiring and other dangerous parts of hoisting appliances should be provided with efficient safeguards. Hoisting appliances should be provided with such means as will reduce to the minimum the risk of accidental descent of the load. Adequate precautions should be taken to reduce to the minimum the risk of any part of a suspended load becoming accidentally displaced. When workers are employed on electrical installations which are already energised, insulating mats, wearing apparel, such as gloves, sleeves and boots as may be necessary should be provided. The worker should not wear any rings, watches and carry keys or other materials which are good conductors of electricity.

13. All scaffolds, ladders and other safety devices mentioned or described herein shall be maintained in safe condition and no scaffold, ladder or equipment shall be altered or removed while it is in use. Adequate washing facilities should be provided at or near places of work.

14. These safety provisions should be brought to the notice of all concerned by display on a notice board at a prominent place at work spot. The person responsible for compliance of the safety code shall be named therein by the contractor.

15. To ensure effective enforcement of the rules and regulations relating to safety precautions the arrangements made by the contractor shall be open to inspection by the Labour Officer or Engineer-in-Charge of the department or their representatives.

16. Notwithstanding the above clauses from (1) to (15) there is nothing in these to exempt the contractor from the operations of any other Act or Rule in force in the Republic of India.

स्पष्ट रूप से उपदर्शित होगा। इस पैरा में उपरनिर्दिष्ट मशीन या किसी गीयर के किसी भी भाग को सुरक्षित कार्यकरण बोझ से अधिक, परीक्षण के प्रयोजन के सिवाय भारित नहीं किया जाएगा।

iv) विभागीय मशीनों की दशा में सुरक्षित कार्यकरण बोझ को भारसाधक विद्युत इन्जीनियर द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। जहाँ तक ठेकेदारों की मशीनों का सम्बन्ध है, ठेकेदार जब कभी वह कार्यस्थल पर कोई मशीनरी लाए मशीन के सुरक्षित कार्यकरण बोझ को भारसाधक इन्जीनियर को अधिसूचित करेगा और सम्बन्धित विद्युत इन्जीनियर से उसका सत्यापन करवाएगा।

12. होइस्टिंग साधित्रों के मोटर, गियरिंग, पारेषण, विद्युत वायरिंग और अन्य खतरनाक भागो को निरापद रखने के लिए दक्ष उपबंध करना चाहिए जिससे लदान के अकस्मात नीचे आ जाने की दशा मे जोखिम न्यूनतम हो जाए। निम्नलिखित लदान के किसी भी भाग के अक्समात विस्थापित हो जाने की दशा में जोखिम न्यूनतम करने के लिए यथायोग्य पूर्वावधानियाँ बरती जाएं जबकि कर्मकार ऐसे विद्युत संस्थापन पर नियोजित हों जो पहले से ही ऊर्जित हो तो उनके लिए आवश्यकता अनुसार विसंवाही चटाईयाँ, पहनने वाले वस्त्र अर्थात दस्ताने, बाहें और बूटें का उपबंध होना चाहिए। कर्मकारों को अंगूठियाँ और घड़ियाँ धारण नहीं करनी चाहिए और चाबियाँ या अन्य ऐसी सामग्री नहीं ले जानी चाहिए जो विद्युत की सुसंवाहक हो।

13. सभी पाड़ सीढ़ियाँ और अन्य सुरक्षा युक्तियों को, जिनको इसमें उल्लिखित या वर्णित किया गया है, सुरक्षित अवस्था में रखा जाना चाहिए और किसी भी पाड़ सीढ़ी या उपस्कर को, जबकि वह उपयोग में हो, परिवर्तिन न किया जायेगा या हटाया न जायेगा। कार्यस्थलों पर या उनके निकट यथायोग्य धुलाई सुख–सुविधाओं का उपबंध होना चाहिये।

14. सुरक्षा उपबंधी को सभी सम्बन्धितों की सूचना के लिए कार्यस्थल के किसी प्रमुख स्थान पर लगे सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करना चाहिये। सुरक्षा संहिता के अनुपालन के लिए ठेकेदार द्वारा उत्तरदायी व्यक्ति का नाम उसमे दिया जाएगा।

15. सुरक्षा पूर्वावधानियों से सम्बन्धित नियमों और विनियमों के प्रभावकारी प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार द्वारा किए गए इन्तजाम विभाग के श्रम आफिसर, भारसाधक इन्जीनियर या उनके प्रतिनिधियों के निरीक्षण के लिए खुले रहेगे।

16. खण्ड (1) से लेकर (15) तक के होते हुए भी उसमें की कोई बात ठेकेदार को भारत गणराज्य में प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम या नियम के प्रवर्तन से छूट नहीं देता।

Model Rules for the Protection of Health and Sanitary Arrangements for Workers Employed by Central P.W.D. or its Contractors

1. APPLICATION

These rules shall apply to all buildings and construction works in charge of Central Public Works Department/ PWD (DA) in which twenty or more workers are ordinarily employed or are proposed to be employed in any day during the period during which the contract work is in progress.

2. DEFINITION

Work place means a place where twenty or more workers are ordinarily employed in connection with construction work on any day during the period during which the contract work is in progress.

3. FIRST-AID FACILITIES

i) At every work place there shall be provided and maintained, so as to be easily accessible during working hours, first-aid boxes at the rate of not less than one box for 150 contract labour or part thereof ordinarily employed.

ii) The first-aid box shall be distinctly marked with a red cross on white back ground and shall contain the following equipment:-

a) For work places in which the number of contract labour employed does not exceed 50-

Each first-aid box shall contain the following equipments :-

1. 6 small sterilised dressings.
2. 3 medium size sterilised dressings.
3. 3 large size sterilised dressings.
4. 3 large sterilised burn dressings.
5. 1 (30 ml.) bottle containing a two per cent alcoholic solution of iodine.
6. 1 (30 ml.) bottle containing salvolatile having the dose and mode of administration indicated on the label.
7. 1 snakebite lancet.
8. 1 (30 gms.) bottle of potassium permanganate crystals.
9. 1 pair scissors.
10. 1 copy of the first-aid leaflet issued by the Director General, Factory Advice Service and Labour Institutes, Government of India.
11. 1 bottle containing 100 tablets (each of 5 gms.) of aspirin.
12. Ointment for burns.
13. A bottle of suitable surgical antiseptic solution.

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग या उसके ठेके द्वारा नियोजित कर्मकारों के स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्थाओं के सरंक्षण के लिए आदर्श नियम

1. लागू होना

ए नियम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के नियन्त्रणाधीन सभी भवन और निर्माण कार्यो पर लागू होगे जिनमें ठेके पर चल रहे कार्य दिवसों में किसी भी दिन सामान्यतया 20 या इससे अधिक मजदूर नियोजित किए गए हो अथवा करने का प्रस्ताव हो।

2. परिभाषा

कार्यस्थल का तात्पर्य उस स्थान से है जहां पर निर्माण कार्य के लिए ठेके पर चल रहे कार्य दिवसों में किसी भी दिन 20 या इससे अधिक मजदूर नियोजित हो अथवा करने का प्रस्ताव हो।

3. प्राथमिक अपचार सुविधाएं

i) प्रत्येक कार्यस्थल, में कार्य दिवसों में सुगमता से पहुंचने योग्य किसी स्थान पर प्राथमिक–उपचार के बक्से रखे जाएगे जो सामान्यतया नियोजित 150 ठेके के मजदूरों अथवा उनके किसी, भाग के लिए कम से कम एक बक्से से कम न हो।

ii) प्राथमिक–उपचार बक्से पर स्पष्ट रूप से सफेद के ऊपर रेड क्रास का निशान होना चाहिए जिसमें निम्नलिखित वस्तुएं होनी चाहिए जैसे –

(क) ऐसे कार्यस्थलों पर जहां पर नियोजित ठेके के मजदूरो की सख्या 50 से अधिक नहीं है –

प्रत्येक प्राथमिक उपचार बक्से में निम्नलिखित उपकरण होंगे –

1. 6 छोटी विसंक्रमित पट्टियाँ।
2. 3 मध्यम आकार की विसंक्रमित पट्टियाँ।
3. 3 बड़े आकार की विसंक्रमित पट्टियाँ।
4. 3 बड़े आकार की जले पर लगाने की पट्टियाँ।
5. 1 (30 मि.लि.) की बोतल जिसमें आयोडीन का 2 प्रतिशत अल्कोहल के साथ घुला हो।
6. 1 (30 मि.लि.) की बोतल जिसमें साल्वोलेटाइल का घोल हो तथा उसके ऊपर मात्रा तथा औषधि सेवन की विधि लिखी हो।
7. सप्रदंश की एक छुरी।
8. पोटाशियम पमेगनट क्रिस्टल की (30 ग्राम) एक बोतल।
9. एक केंची।
10. महानिदेशक, फैक्टरी परामर्श सेवा तथा श्रम संस्थान भारत सरकार द्वारा जारी प्राथमिक–उपचार के सम्बन्ध में एक पर्चा।
11. एक शीशी जिसमें एस्पिरिन की (प्रत्येक 5 ग्राम) की 100 टिकियाँ हो।
12. जले पर लगाने के लिए मरहम।
13. शल्यकर्म के लिए उपयुक्त कृमिनाशक घोल की एक शीशी।

b) For work places in which the number of contract labour exceed 50.

Each first-aid box shall contain the following equipments.

1. 12 small sterilised dressings.
2. 6 medium size sterilised dressings.
3. 6 large size sterilised dressings.
4. 6 large size sterilised burn dressings.
5. 6 (15 gms.) packets sterilised cotton wool.
6. 1 (60 ml.) bottle containing a two per cent alcoholic solution iodine.
7. 1 (60 ml.) bottle containing salvolatile having the dose and mode of administration indicated on the label.
8. 1 roll of adhesive plaster.
9. 1 snake bite lancet.
10. 1 (30 gms.) bottle of potassium permanganate crystals.
11. 1 pair scissors.
12. 1 copy of the first-aid leaflet issued by the Director General Factory Advice Service and Labour Institutes /Government of India.
13. A bottle containing 100 tablets (each of 5 gms.) of aspirin.
14. Ointment for burns.
15. A bottle of suitable surgical antiseptic solution.

iii) Adequate arrangements shall be made for immediate recoupment of the equipment when necessary.

iv) Nothing except the prescribed contents shall be kept in the First-aid box.

v) The first-aid box shall be kept in charge of a responsible person who shall always be readily available during the working hours of the work place.

vi) A person in charge of the First-aid box shall be a person trained in First-aid treatment, in the work places where the number of contract labour employed is 150 or more.

vii) In work places where the number of contract labour employed is 500 or more and hospital facilities are not available within easy distance from the works. First-aid posts shall be established and run by a trained compounder. The compounder shall be on duty and shall be available at all hours when the workers are at work.

viii) Where work places are situated in places which are not towns or cities, a suitable motor transport shall be kept readily available to carry injured person or person suddenly taken ill to the nearest hospital.

4. DRINKING WATER

i) In every work place, there shall be provided and maintained at suitable places, easily accessible to labour, a sufficient supply of cold water fit for drinking.

ii) Where drinking water is obtained from an Intermittent public water supply, each work place shall be provided with storage where such drinking water shall be stored.

(ख) ऐसे कार्य स्थलों पर जहाँ ठेके के मजदरों की संख्या 50 से अधिक हो।

प्रत्येक प्राथमिक–उपचार बक्से में निम्नलिखित उपकरण होगे।

1. 12 छोटी विसंक्रमित पट्टियाँ।
2. 6 मध्यम आकार की विसंक्रमित पट्टियाँ।
3. 6 बड़े आकार की विसंक्रमित पट्टियाँ।
4. 6 बड़े आकार की विसंक्रमित जले पर लगाने की पट्टियाँ।
5. विसंक्रमित रुई के 6 (15 ग्राम) पैकेट।
6. आयोडीन की 2 प्र.श. अल्कोहल घोल की (60 मि.लि.) शीशी।
7. साल्वोलेटाइल की एक शीशी (60 मि.लि.) जिसके लेबल पर मात्रा और सेवन विधि लिखी हो।
8. चिपकाने वाला प्लास्टर का एक रोल।
9. सप्रदंश की एक छुरी।
10. पोटाशियम पर्मेगनेट क्रिस्टल की 1 शीशी (30 ग्राम)
11. एक कैची।
12. महानिदेशक, फैक्टरी, परामर्श सेवा तथा श्रम संस्थान भारत सरकार द्वारा जारी प्राथमिक उपचार का एक पर्चा।
13. एस्पिरिन की 100 टिकियाँ (प्रत्येक 5 ग्राम) की एक शीशी।
14. जले पर लगाने का मरहम।
15. शल्यकर्म के लिए उपयुक्त कृमिनाशक घोल की एक शीशी।

iii) वस्तुओं को पुनः भरने की जब कभी आवश्यकता हो, उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए।

iv) प्राथमिक उपचार बक्से में सिवाय निर्धारित वस्तुओ के अन्य कुछ भी नही रखा जाएगा।

v) प्राथमिक उपचार का बक्सा किसी जिम्मेदार व्यक्ति के पास रखा जाएगा जो कि कार्यस्थल पर कार्यसमय के दौरान हमेशा हाजिर रहेगा।

vi) जिस कार्यस्थल पर नियोजित ठेके के मजदूरों की संख्या 150 से अधिक होगी वहां पर प्राथमिक उपचार के बक्से का प्रभारी व्यक्ति प्राथमिक उपचार में प्रशिक्षित व्यक्ति होगा।

vii) ऐसे कार्यस्थलो पर जहाँ नियोजित ठेके के मजदूरों की संख्या 500 तथा इससे अधिक हो तथा अस्पताल कार्यस्थल के नजदीक नहीं हो तो एक प्रशिक्षित कम्पाउन्डर की देखरेख में एक प्राथमिक उपचार केन्द्र खोला जाएगा। कम्पाउन्डर ड्यूटी पर रहेगा तथा जब मजदूर काम पर होगें तो उसकी सेवाएं हर समय उपलब्ध रहेगी।

viii) यदि कार्यस्थल किसी शहर या कस्बे में नहीं है तो घायल व्यक्तियों अथवा अकस्मात बीमार पड़े व्यक्तिों को समीपवर्ती अस्पताल मे ले जाने के लिए उपयुक्त परिवहन व्यवस्था तुरन्त उपलब्ध रहेगी।

4. पेय जल:

i) प्रत्येक कार्यस्थल में मजदूरों द्वारा सुगमता से पहुचँने योग्य उपयुक्त स्थानों पर पीने योग्य ठण्डे पानी की पर्याप्त सप्लाई की व्यवस्था की जाएगी और उसे बनाए रखा जाएगा।

ii) जहाँ पेय जल किसी अन्तर्विरामी सार्वजनिक जल व्यवस्था से प्राप्त किया जाता है वहाँ प्रत्येक कार्यस्थल पर संचय की व्यवस्था की जाएगी जहाँ ऐसे पेय जल का संग्रह किया जाएगा।

iii) Every water supply or storage shall be at a distance of not less than 50 feet from any latrine drain or other source of pollution. Where water has to be drawn from an existing well which is within such proximity of latrine, drain or any other source of pollution, the well shall be properly chlorinated before water is drawn form it for drinking. All such wells shall be entirely closed in and be provided with a trap door which shall be dust and waterproof.

iv) A reliable pump shall be fitted to each covered well, the trap door shall be kept locked and opened only for cleaning or inspection which shall be done at least once a month.

5. WASHING FACILITIES

i) In every work place adequate and suitable facilities for washing shall be provided and maintained for the use of contract labour employed therein.

ii) Separate and adequate cleaning facilities shall be provided for the use of male and female workers.

iii) Such facilities shall be conveniently accessible and shall be kept in clean and hygienic condition.

6. LATRINES AND URINALS

i) Latrines shall be provided in every work place on the following scale namely :-

a) Where female are employed there shall be at least one latrine for every 25 females.

b) Where males are employed, there shall be at least one latrine for every 25 males.

Provided that where the number of males or females exceeds 100, it shall be sufficient if there is one latrine for 25 males or females as the case may be upto the first 100, and one for every 50 thereafter.

ii) Every latrine shall be under cover and so partitioned off as to secure privacy, and shall have a proper door and fastenings.

iii) Construction of latrines : The inside walls shall be constructed of masonry or some suitable heat-resisting nonabsorbent materials and shall be cement washed inside and outside at least once a year, Latrines shall not be of a standard lower than borehole system.

iv) a) Where workers of both sexes are employed, there shall be displayed outside each block of latrine and urinal, a notice in the language understood by the majority of the workers "For Men only" or "For Women Only" as the case may be.

b) The notice shall also bear the figure of a man or of a woman, as the case may be.

v) There shall be at least one urinal for male workers upto 50 and one for female workers upto fifty employed at a time, provided that where the number of male or female workmen, as the case may be exceeds 500, it shall be sufficient if there is one urinal for every 50 males or females upto the first 500 and one for every 100 or part thereafter.

vi) a) The latrines and urinals shall be adequately lighted and shall be maintained in a clean and sanitary condition at all times.

iii) संचयन की प्रत्येक जल व्यवस्था किसी शौचालय, नाली या प्रदूषण के अन्य स्रोत से 50 फुट से कम दूर नहीं होगीं। जहाँ जल किसी ऐसे विद्यमान कुएं से लिया जाना हो जो शौचालय, नाली या प्रदूषण के किसी अन्य स्रोत के काफी निकट हो तो ऐसी स्थिति में कुएं से पीने के लिए जल निकालने से पूर्व उसका उचित रूप से क्लोरीकरण किया जाएगा। ऐसे सभी कुएं पूर्णतः ढके हुए होगे और उनमें धूल और जल–रोधी छत–द्वार की व्यवस्था की जाएगी।

iv) प्रत्येक ढके हुए कूएं में एक विश्वसनीय पम्प फिट किया जाएगा। छत द्वार को ताला लगाकर रखा जाएगा और केवल सफाई या निरीक्षण करने के लिए दो मास में कम से कम एक बार खोला जाएगा।

5. कपड़े धोने की सुविधाएं

i) प्रत्येक कार्यस्थल पर कपड़े धोने की सुविधा का प्रबन्ध किया जाएगा तथा उसे वहाँ नियोजित ठेके के मजदूरो के प्रयोग के लिए रखा जाएगा।

ii) स्त्री और पुरुष मजदूरों के प्रयोग के लिए उपयुक्त जगह की अलग–अलग और पर्याप्त व्यवस्था होगी।

iii) ऐसी सुविधाएँ आसानी से सुलभ होंगी और इन्हें स्वास्थ्य की दृष्टि से साफ–सुथरा रखा जाएगा।

6. शौचालय तथा मूत्रालय

i) प्रत्येक कार्यस्थल पर निम्नलिखित मानदण्ड के आधार पर शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी, उदाहरणार्थः–

(क) जहाँ पर महिलाएँ नियोजित की गई है वहाँ पर प्रति 25 महिलाओं के लिए कम से कम एक शौचालय हो।

(ख) जहाँ पुरुष नियोजित है वहाँ प्रति 25 पुरुषों के लिए कम से कम एक शौचालय हो।

बशर्ते कि जहाँ पर पुरुषों तथा महिलाओं की संख्या 100 से अधिक है वहाँ 100 की संख्या तक प्रत्येक 25 पुरुषों अथवा महिलाओं के लिए एक शौचालय, तत्पश्चात प्रत्येक 50 की संख्या के लिए एक शौचालय हो।

ii) प्रत्येक शौचालय ढका हुआ होना चाहिए तथा उनका इस प्रकार ब्यवधान हो कि निजी गोपनीयता सुरक्षित रहे तथा शौचालय में दरवाजे तथा चटखनियों की उचित व्यवस्था हो।

iii) शौचालय का निर्माण भीतरी दीवारें चिनाई या किसी उपयुक्त तापरोधी अनवशोषी पदार्थ द्वारा निर्मित की जाएगी और उनमें वर्ष में कम से कम एक बार भीतर और बाहर सीमेंट की पूताई की जाएगी। यह शौचालय बोरहोल तरीके के शौचालयों के मानक से घटिया नहीं होगे।

iv) (क) जहाँ पर महिलाएँ व पुरुष काम पर लगाए जाएं, वहां पर अधिकांश लोगों द्वारा समझें जाने वाली भाषा से शौचालय तथा मूत्रालयों में केवल पुरुषों के लिए/केवल महिलाओं के लिए जैसी भी स्थिति हो इस प्रकार का एक नोटिस बोर्ड लगाया जाए।

(ख) इस नोटिस बोर्ड में पुरुष या महिला का जैसी भी स्थिति हो, एक चित्र भी बना हो।

v) एक ही अवसर पर नियोजित 50 पुरुषों तथा 50 महिलाओं के लिए कम से कम एक एक मूत्रालय होंगे बशर्ते कि जहाँ पुरुषों तथा महिलाओं की संख्या 500 से अधिक हो वहाँ पर 500 पर प्रत्येक 50 पुरुषो अथवा महिलाओं के लिए एक पेशाबघर तथा शेष प्रत्येक 100 के लिए एक पेशाबघर उपयुक्त होगा।

vi) (क) शौचालयों तथा मूत्रालयों में उपयुक्त प्रकाश की व्यवस्था होगी तथा इनको हर समय साफ–सुथरी हालत में रखा जाएगा।

b) Latrines and urinals other than those connected with a flush sewage system shall comply with the requirements of the Public Health Authorities.

vii) Water shall be provided by means of tap or otherwise so as to be conveniently accessible in or near the latrines and urinals.

viii) Disposal of excreta :- Unless otherwise arranged for by the local sanitary authority, arrangements for proper disposal of excreta by incineration at the work place shall be made by means of a suitable incinerator. Alternately excreta may be disposed of by putting a layer of night soil at the bottom of a pucca tank prepared for the purpose and covering it with a 15 cm. layer of waste or refuse and then covering it with a layer of earth for a fortnight (when it will turn to manure).

(ix) The contractor shall at his own expense, carry out all instructions issued to him by the Engineer-in-Charge to effect proper disposal of night soil and other conservancy work in respect of the contractor's workmen or employees on the site. The contractor shall be responsible for payment of any charges which may be levied by Municipal or Cantonment Authority for execution of such on his behalf.

7. PROVISION OF SHELTER DURING REST

At every place there shall be provided, free of cost, four suitable sheds, two for meals and the other two for rest separately for the use of men and women labour. The height of each shelter shall not be less than 3 metres (10 ft.) from the floor level to the lowest part of the roof. These shall be kept clean and the space provided shall be on the basis of 0.6 sq.m. (6 sft) per head.

Provided that the Engineer-in-Charge may permit subject to his satisfaction, a portion of the building under construction or other alternative accommodation to be used for the purpose.

8. CRECHES

i) At every work place, at which 20 or more women worker are ordinarily employed, there shall be provided two rooms of reasonable dimensions for the use of their children under the age of six years. One room shall be used as a play room for the children and the other as their bedroom. The rooms shall be constructed with specifications as per clause 19H (ii) a,b & c.

ii) The rooms shall be provided with suitable and sufficient openings for light and ventilation. There shall be adequate provision of sweepers to keep the places clean.

iii) The contractor shall supply adequate number of toys and games in the play room and sufficient number of cots and beddings in the bed room.

iv) The contractor shall provide one ayaa to look after the children in the creche when the number of women workers does not exceed 50 and two when the number of women workers exceed 50.

v) The use of the rooms earmarked as creches shall be restricted to children, their attendants and mothers of the children.

9. CANTEENS

i) In every work place where the work regarding the employment of contract labour is likely to continue for six months and where in contract labour numbering one hundred or more are ordinarily employed, an adequate canteen shall be provided by the contractor for the use of such contract labour.

(ख) जो शौचालय तथा मूत्रालय भूमिगत नालियों से जुड़े नहीं होंगे उनके सम्बन्ध में लोक स्वास्थ्य प्राधिकरणों की अपेक्षाओं को पूर्ण करना होगा।

vii) पानी टूटी द्वारा सप्लाई किया जाएगा अथवा पानी ऐसे स्थान पर होगा जो शौचालय तथा पेशावघर के नजदीक ही होगा।

viii) मल–मूत्र का निपटान:– जब तक स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा अन्यथा प्रबन्ध न किया जाए, कार्यस्थल पर भस्मीकरण द्वारा मल–मूत्र के उचित निपटान का प्रबन्ध उचित भस्मक के द्वारा किया जाए। इसके विकल्प के रूप में मल–मूत्र का निपटान इस प्रयोजन के लिए तैयार किए गए पक्के टेक के तल पर विष्ठा की एक परत रखकर और उसे रद्दी या कूड़े की 15 से.मी. परत से ढकने के उपरान्त उनके ऊपर एक पखवाड़े तक मिट्टी की परत बिछाकर (जबकि वह खाद में परिवर्तित हो जाएगा), किया जा सकेगा।

ix) कार्यस्थल पर नियोजित ठेकेदार कर्मकारों तथा काम पर लगाए गए आदमियों के सम्बन्ध मे सफाई कार्य तथा विष्ठा के उचित रूप से निपटान के सम्बन्ध में प्रभारी इन्जीनियर द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन ठेकेदार अपने खर्चे पर ही करेगा। ठेकेदार की ओर से नगर–पालिका अथवा केन्टोनमैन्ट प्राधिकरण द्वारा निष्पादित किए गए इस प्रकार के कार्य के लिए उनके द्वारा लगाए गए प्रभारी के भुगतान का उत्तरदायित्व ठेकेदार का रहेगा।

7. विश्राम के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था

प्रत्येक कार्यस्थल पर पुरुष तथा महिला श्रमिकों के विश्राम के लिए निशुल्क चार उपयुक्त शेडो का प्रबन्ध होगा। दो पुरुषों के लिए तथा दो महिलाओं के लिए अलग–अलग। इन आश्रय–स्थलों की फर्श से छत के नीचे से नीचे भाग की ऊंचाई 3 मीटर से कम नहीं होगी, ये स्थान प्रति व्यक्ति 0.6 वर्ग मीटर के हिसाब से बनाए जाएगे और इन्हे साफ सुथरा रखा जाएगा।

इस प्रयोजन के लिए निर्माणधीन भवन का एक भाग तथा अन्य वैकल्पिक स्थान का प्रयोग किया जा सकता है बशर्ते कि प्रभारी इन्जीनियर इस बात से संतुष्ट हो और इसके लिए अनुमति दे दे।

8. शिशुकक्ष

i) प्रत्येक कार्यस्थल पर जहाँ पर सामान्यतः 20 या इससे अधिक महिला श्रमिक कार्यरत हैं जहाँ पर उनके 6 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त आकार के दो कमरों की व्यवस्था की जाएगी एक कमरा बच्चों के खेलने के लिए होगा तथा दूसरा कमरा उनके सोने के लिए, ये कमरे पैरा 2 (क,ख,ग,) खण्ड 19 (ज) के आधार पर बनाए जायेंगे।

ii) कमरों में उपयुक्त प्रकाश तथा रोशनदान की व्यवस्था होगी। इन स्थानों को साफ रखने के लिए मेहतरों का भी प्रबन्ध होना चाहिये।

iii) ठेकेदार खेल के कमरे में उचित संख्या में खिलौने और सोने के कमरे में उपयुक्त चारपाई बिस्तर का प्रबन्ध करेगा।

iv) 50 तक महिला श्रमिको की संख्या तक, बच्चों की देखरेख के लिए ठेकेदार एक दाई रखेगा तथा 50 से अधिक संख्या पर 2 दाई रखेगा।

v) शिशु कक्ष के लिए निर्धारित कमरों में केवल बच्चे उनके रखवाले और उनकी माताएं ही आ जा सकेंगी।

9. कैन्टीन

i) ऐसे कार्यस्थलों में, जहाँ पर नियुक्त ठेके–श्रमिको की छः मास तक रहने की सम्भावना हो और जहाँ पर ठेके के श्रमिकों की संख्या सामान्यतया 100 या इससे अधिक हो, वहाँ पर ऐसे श्रमिकों के लिए ठेकेदार एक उपयुक्त कैन्टीन की व्यवस्था करेगा।

ii) The canteen shall be maintained by the contractor in an efficient manner.

iii) The canteen shall consist of at least a dining hall, kitchen, storeroom, pantry and washing places separately for workers and utensils.

